

दैनिक
MPHIN/2021/83938

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 249 | ग्वालियर,गुरुवार, 29 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



# यूपी में अखिलेश यादव की पार्टी-कांग्रेस में गठबंधन लगभग तय और बंगाल में..नीतीश कुमार की पार्टी का बड़ा बयान

लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दल एकजुट होने की पूरी कोशिश में हैं. बिहार की राजधानी पटना में इसे लेकर 23 जून को विपक्षी दलों की महाबैठक भी हुई थी. विपक्ष ने इसे ऐतिहासिक बैठक करार दिया था. अब जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने बैठक में बनाई गई रणनीति को लेकर एबीपी न्यूज से बातचीत की.केसी त्यागी का दावा है कि 450 सीटों पर बीजेपी के एक उम्मीदवार के मुकाबले विपक्ष के एक उम्मीदवार को उतारने पर रणनीति बन चुकी है. त्यागी ने एक दर्जनों राज्यों का नाम लेकर बताया कि कहां-कहां बीजेपी के मुकाबले एक साझा उम्मीदवार उतरेगा. उन्होंने कहा, ÷पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस का और उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस का गठबंधन लगभग तय है.त्यागी ने बताया इसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नॉर्थ ईस्ट की सभी सीटें, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत लगभग एक दर्जन से ज्यादा राज्य शामिल हैं. उन्होंने कहा, ÷2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जिस तरह का रुझान बीजेपी के पक्ष में था लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा. जनता के बड़े हिस्से में वर्तमान



सरकार को लेकर काफी निराशा है. इन दलों को नहीं था न्योतात्यागी ने कहा, ÷2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जिस तरह का रुझान बीजेपी के पक्ष में था इस बार ऐसा नहीं होगा. जनता के बड़े हिस्से में वर्तमान सरकार को लेकर काफी निराशा है. केसी त्यागी ने कहा, ÷हमे खुशी है कि ज्यादा से ज्यादा राजनीतिक दलों के नेता इस बैठक में शामिल हुए. हमने बीजेडी, वाईएसआर, केडीपी और बीआरएस को नहीं बुलाया था.÷

**जिन्हें बुलाया वो सब थे मौजूद**-उन्होंने कहा, ÷इस तरह के प्रचार गलत हैं कि ये दल बैठक में शामिल नहीं हुए. हमारा कोई निमंत्रण इन दलों को नहीं गया था और जिन भी दलों को बुलाया गया था लगभग वो सभी बैठक में मौजूद थे. जो दल, नेता और मुख्यमंत्री मौजूद थे उनकी लगभग 450 लोकसभा सीटों पर मजबूत स्थिति है. इन सीटों पर हम बीजेपी के एक उम्मीदवार के मुकाबले में एक उम्मीदवार को उतारने के फैसले पर लगभग सहमत हैं.÷

**आप को लेकर क्या बोले?**-आम आदमी पार्टी को लेकर उन्होंने कहा, ÷विपक्षी दलों की बैठक किसी एक पार्टी की नहीं बल्कि अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक थी लिहाजा उसमें किसी एक पार्टी का एजेंडा नहीं रखा जाता. उसमें अलग-अलग राजनीतिक दलों के कॉमन एजेंडे पर चर्चा होती है. अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं को सलाह दूंगा कि फिलहाल जल्दबाजी में कोई बयान न दें.÷

## सीएम अरविंद केजरीवाल की,क्का दिल्ली में गठबंधन को लेकर रुख साफ, बताया कितनी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

लोकसभा चुनाव को लेकर एकजुट होने में लगे विपक्षी दलों की बिहार के पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेजबानी 23 जून को बैठक हुई. इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की



सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई नेता पहुंचे थे.इसी बीच केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (,क्क) ने बुधवार (28 जून) को कहा कि वो दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी. आप के महासचिव संदीप पाठक ने कहा कि हम चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के सामने अपनी बात रखते हुए कहेंगे कि केंद्र का अध्यादेश आपके खिलाफ है.न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आप नेता संदीप पाठक ने दिल्ली और हरियाणा के नेताओं के साथ बैठक करने के बाद कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी एकता की जरूरत है, लेकिन यह कांग्रेस के रवैये पर निर्भर करता हैदरअसल पटना में विपक्षी दलों की मीटिंग के बाद आप ने बयान जारी कर कहा था कि कांग्रेस ने दिल्ली के अध्यादेश को लेकर रुख साफ नहीं किया तो ऐसे में कांग्रेस जिस किसी भी बैठक का हिस्सा होगी उसमें हम शामिल नहीं होंगे.विपक्षी दलों की मीटिंग से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि अध्यादेश पर फैसला सदन में होता है. सत्र शुरू होने से पहले बैठक की जाती है. एबीपी न्यूज के मिले सूत्रों के मुताबिक, खरगे ने यह ही बात बैठक में भी दोहराई थी.आप नेता संदीप पाठक ने आरोप लगाया कि बीजेपी विपक्षी दलों को खत्म करनी चाहती है, इसको लेकर ही केंद्र की मोदी सरकार ने काम किए ह

## साक्षी मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने दाखिल की 640 पेज की चार्जशीट, लिखी है साहिल के गुनाह से जुड़ी हर बात

दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में हुए साक्षी हत्याकांड मामले में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार (28 जून) को चार्जशीट दाखिल की. करीब 640 पेज की चार्जशीट मंगलवार को रोहिणी कोर्ट में दाखिल की गई. साहिल ने 20 से अधिक बार चाकू से ताबड़तोड़ वार कर और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी.चार्जशीट के मुताबिक साहिल और साक्षी दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे. 27 मई को दोनों के बीच शाम के वक्त किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और साहिल ने बदला लेने की ठान ली थी. 28 मई को जब साक्षी कम्युनिटी टॉयलेट की तरफ जा रही थी तभी उसने चाकुओं से गोदकर साक्षी की हत्या कर दी थी. पुलिस के पास ऐसे कई सबूत हैं जिनकी मदद से आरोपी साहिल को सजा



दिलाने में मदद मिलेगी. बता दें कि, पुलिस ने जांच के दौरान वारदात में इस्तेमाल हथियार (चाकू), आरोपी के कपड़े और जूते बरामद कर लिए थे. इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज, वॉयस सैंपल, बायोलॉजिकल एविडेंस भी इकट्ठे किए गए. चार्जशीट के मुताबिक, कुल मिलाकर 14 बायोलॉजिकल, एक केमिकल, 4 फिजिक्स और एक साइबर एक्जीबिट एफएसएल रोहिणी को भेजे गए थे और इनकी रिपोर्ट भी समय पर जांच एजेंसी को सौंप दी थी.

**शरीर पर मिले थे 34 चोट के निशान**-इसके अलावा चार्जशीट में आर्म्स एक्ट, 354 और 509 आईपीसी और एससी एसटी एक्ट भी जोड़े गए हैं. पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने बताया था कि पीड़िता के शरीर पर चोट के 34 निशान मिले थे और उसकी खोपड़ी फट गयी थी. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भी दिल्ली पुलिस से इस मामले को लेकर पूरी रिपोर्ट मांगी थी.

## टमाटर, गोभी और दाल की कीमतों का जिक्र कर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

देश में जरूरत की चीजों के दाम बढ़ गए हैं. सब्जी के दामों ने अचानक से ही आसमान छू लिया है. बाजार में थोक से लेकर फुटकर सब्जियों की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गई है. इसको लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार (28 जून) को केंद्र सरकार पर हमला किया है.उन्होंने ट्वीट करते हुए सवाल किया है कि 9 साल का एक ही सवाल, आखिर किसका है ये अमृतकाल? राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा, ÷टमाटर 140 रुपये किलो, फूल गोभी 80 रुपये किलो, तुअर दाल 148 रुपये



किलो, अरहर दाल 219 रुपये किलो और पकाने का गैस सिलेंडर 1,100 रुपये के पार. पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त बीजेपी सरकार, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भूल ही गई.इसके अलावा उन्होंने अपने ट्वीट में बेरोजगारी के मुद्दो पर बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा, ÷युवा बेरोज़गार हैं, रोज़गार है तो आय कम और महंगाई से बचत खत्म. गरीब खाने को तड़प रहे हैं, मध्यमवर्ग बचाने को तरस रहा है. कांग्रेस शासित राज्यों में हमने महंगाई से राहत के लिए गैस के दाम घटाए, आर्थिक सहायता के लिए गरीबों के खातों में पैसे डाले.वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ÷नफ़रत मिटाने, महंगाई, बेरोज़गारी हटाने और समानता लाने का प्रण है भारत जोड़ो यात्रा - बीजेपी को जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने नहीं देंगे. 9 साल का एक ही सवाल है! आखिर किसका है ये अमृतकालपीएम नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के दौरे का जिक्र करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री जी ने कल भोपाल में महँगाई की लिस्ट पढ़ी लेकिन वो लिस्ट भी पहले की लिस्टों की तरह किसी ने गलत बना दी. मध्य प्रदेश में पेट्रोल का दाम~ 108 रू लीटर, टमाटर का दाम~ 100 रू किलो, दाल का दाम~ 150 रू किलो, रसोई का सिलेंडर~ 1130 रू/ सिलेंडर है.÷

## स्मृति ईरानी का राहुल गांधी पर बड़ा आरोप, कहा- अमेरिका दौरे पर सुनीता विश्वनाथ से मिले थे, क्या मजबूरी है?

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका दौरे को लेकर उन पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा, ÷यूएस में राहुल के साथ सुनीता विश्वनाथ बैठी थी. ये पहले भी सामने आ चुका है कि जॉर्ज सोरोस भारत के खिलाफ काम कर रहा है और सोरोस से सुनीता विश्वनाथ के भी संबंध हैं.स्मृति ईरानी ने कहा, ÷जॉर्ज सोरोस के साथ



मिलकर राहुल गांधी क्या बात कर रहे थे इसकी जानकारी उन्हें देश को देनी चाहिए. सोरोस के भारत विरोधी विचार किसी से छुपे नहीं हैं. ऐसे में राहुल का भारत के बाहर भारत विरोधी लोगों से मिलना क्या दर्शाता है यह भी उन्हें बताना चाहिएस्मृति ने दावा किया, ÷जॉर्ज सोरोस और उनके द्वारा फंडेड संगठनों का राहुल गांधी से ताल्लुक नया नहीं, पुराना है. एक पब्लिकेशन में स्पष्ट हुआ है कि सलील सेठी नामक एक सज्जन, जो ओपन सोसायटी के ग्लोबल अध्यक्ष हैं, वो जॉर्ज सोरोस के संस्थान के साथ हैं और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में थे.÷उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने इस विषय को पहले भी उठाया था कि किस तरह जॉर्ज सोरोस हिंदुस्तान में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को हटाना चाहते हैं.

## राज्यसभा में बीजेपी को बंगाल से मिलेगा पहला सदस्य, 10 सीटों के लिए 24 जुलाई को है चुनाव



बीजेपी को राज्यसभा में पश्चिम बंगाल से अपना पहला निर्वाचित सदस्य मिलेगा. उच्च सदन के लिए 24 जुलाई को द्विवार्षिक चुनाव होना है. 10 रिक्त सीटों के लिए यह चुनाव कराया जा रहा है. निर्वाचन आयोग ने मंगलवार (27 जून) को राज्यसभा की 10 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की.बता दें कि इससे पहले राज्यसभा में पश्चिम बंगाल से आने वाले बीजेपी नेता इसके सदस्य जरूर बने हैं लेकिन रूपा गांगुली या स्वपन दासगुप्ता जैसे सांसदों को राष्ट्रपति ने उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था, न कि वे विधायकों की ओर से निर्वाचित सदस्य थे.राज्यसभा में जुलाई और अगस्त में 10 सीटें रिक्त हो रही है. निर्वाचन आयोग के मुताबिक, राज्यसभा के 10 सदस्य छह वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा होने के कारण 28 जुलाई से 18 अगस्त के बीच रिटायर हो रहे हैं.

## कॉमन सिविल कोडः पीएम मोदी के भाषण से एजेंडा सेट, लेकिन क्या कहता है संविधान का अनुच्छेद 25

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत की और अल्पसंख्यक समुदायों को इसके खिलाफ कथित तौर पर भड़काने के लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा. मोदी ने विपक्ष पर समान नागरिक संहिता के संबंध में अल्पसंख्यकों को गुमराह करने का



आरोप लगाया और कहा, ÷अगर लोगों के लिए दो अलग-अलग नियम हैं तो क्या एक परिवार काम कर सकता है? क्या वह घर ठीक से चलेगा? फिर कोई देश दो तरह के कानूनों से कैसे चल सकता है? हमें यह ध्यान रखना होगा कि हमारा संविधान भी सभी लोगों को समान अधिकारों की गारंटी देता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी समान नागरिक संहिता के पक्ष में है.पीएम मोदी ने विपक्ष पर वंशवाद का आरोप लगाते हुए कहा ÷अगर आप गांधी परिवार के बेटों और बेटियों की मदद करना चाहते हैं

# क्या बनने से पहले ही बिखर जाएगी विपक्षी दलों की एकता? शिमला बैठक से पहले ही सामने आने लगे मतभेद

*बिहार की राजधानी पटना में नीतीश कुमार के बुलावे पर 15 विपक्षी दलों की बैठक हुई थी. इस बैठक के बाद 2024 को लेकर विपक्षी दलों की एकता का ढोल बड़े जोर-शोर से पीटा गया था. दावा किया गया था कि बैठक में मोदी के खिलाफ सभी दल कॉमन एजेंडे पर आने को तैयार है. इस दौरान विपक्षी गठबंधन का नाम भी हवा में उछाल दिया गया. आगे की रणनीति के लिए 12 जुलाई को अगली बैठक तय की गई, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक विपक्षी दलों के बीच आपस में सब ठीक नहीं है.सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 12 जुलाई को शिमला में होने वाली विपक्षी पार्टियों की बैठक से पहले ही राजनीतिक दलों में मतभेद सामने आने लगे हैं. सूत्रों के अनुसार,आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि अगर कांग्रेस की तरफ से अध्यादेश को लेकर अपनी स्थिति 12 जुलाई से पहले स्पष्ट नहीं की जाती तो ऐसे में 12 जुलाई की बैठक में शामिल होने का कोई मतलब नहीं रह जाता.*

***कांग्रेस ने अध्यादेश पर साध रखी है चुप्पी***-*सूत्रों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का*



*मानना है कि कांग्रेस अगर शुरुआत में ही अहम मुद्दों पर अन्य विपक्षी दलों की बात नहीं मान रही तो ऐसे में भविष्य को लेकर क्या उम्मीद की जाए. गौरतलब है कि पटना में हुई विपक्षी पार्टियों की बैठक के दौरान कई दलों ने दिल्ली को लेकर लाए अध्यादेश का राज्यसभा में विरोध करने का भरोसा दिया लेकिन कांग्रेस की तरफ से अब तक रुख साफ नहीं किया गया है. इससे पहले कल मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन पर हमला किया था.*

***शिमला में अगली बैठक***-*पटना की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्ष की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हम एक कॉमन एजेंडा तय कर रहे हैं. अब विपक्षी दल शिमला में 12 जुलाई को मिलेंगे. इसमें तय होगा कि आगे किस तरह से बढ़ना है. एकजुट होकर हमें 2024 की लड़ाई लड़नी है. वहीं, राहुल गांधी ने कहा था, विपक्षी एकता एक प्रक्रिया है, जो यहीं से आगे बढ़ेगी. विचारधारा की लड़ाई है. थोड़े-थोड़े मतभेद जरूर होंगे, लेकिन हम साथ हैं.*

# मुरैना एसपी के शक्त निर्देश पुलिस की कार्य के प्रति लापरबाही बिल्कुल बर्दास्त नही की जावेगी ...शैलेन्द्र सिह चौहान

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** मुरैना पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिह चौहान ने मुरैना पुलिस को कड़े रूप में अपने संदेश में कहा है कि अवैध शराब और अवैध उत्खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा इसमे सौहरत कतई बर्दास्त नही होगी आमजन को भरोसा दिलाते हुए कहा कि अब अपराधियों से भयभीत होने की जरूरत नहीं है अब आम जनता की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण होकर उन्हें न्याय मिल सके, इस तरह की कार्यप्रणाली पुलिस में विकसित कर दी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अपराधिक घटना में पुलिस की संलिप्तता का संदेश नहीं आयेगा मुरैना पुलिस को शक्त हिदायत देकर कई माध्यमो से सचेत कर दिया है अपना काम जिम्मैदारी से करे और पैसे के लैन देन की सूचना किसी भी प्रभारी की मिली तो कारबाही तो निश्चित है लम्बी बिभागी जॉच भी होगी रेत इन्ट्री की मुझे सूचना मिल रही है सचेत होजाये टृक व टैक्टरो से पुलिस व प्राइबेट आदमी बसूली करते पाया गया तो यह गाज सीधे थाना प्रभारी पर गिरैगी और लम्बी जॉच भी होगी इस लिये कार्य के प्रति पूरी निष्ठा



भाव के साथ पुलिस यूनिफॉर्म में कार्य पूरी ईमानदारी से करे सब कार्य जनहित में हो फालतू कार्यो से कोई समझौता नहीं होगा वहीं उन्होंने कहा भूमि संबंधी अपराधों में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी भूमि संबंधी विवादों का निराकरण भी मेरी पहली प्राथमिकता होगी शिकायत मिलते ही संबन्धित राजस्ब पटबारी को लेकर मौका मुआयना कर समझायस देकर निबटारा कराये उन्है हम पुरूस्कृति भी करेगे कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जाबेगी पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारियों को सेट पर क्लास लगाते हुए कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ को लेकर सभी पुलिस अधिकारी किसी भी कोताही से बचें।लंबित विवेचनाओं का जल्द हो निस्तारण उन्होंने बताया कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। साथ ही चौकी पर आने वाले फरियादियों की पूरी सुनवाई की जाए। किसी भी पुलिस अधिकारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहनों की चेकिंग को अभियान चलाकर नियमित किए जाने का भी निर्देश दिया और कहा कि ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ विधि मुताबिक कार्रवाई प्रतिदिन की जाए। थाने और चौकियां रात्रि गश्त पर भी विशेष ध्यान दें।पुलिस का व्यवहार आम जनता के साथ (पुलिस व्यवहार)?आम लोगो के सहयोग के बिना पुलिस के पने मकसद की प्राप्ति नहीं हो सकती. अपराधो की रोकथाम, समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की प्रमुख जवाबदेही है. अकेले अपने दम पर इन कार्यो में पुलिस सफल नहीं हो सकती. इसके लिए उन्हें हर हालत में जन सहयोग चाहिए. जन सहयोग प्राप्त करने के लिए जरुरी है की जनता के साथ पुलिस का अच्छा और आदरपूर्वक व्यवहार हो. आज आम आदमी के मन में पुलिस के प्रति बहुत बुरी भावना रहती है. लोग पुलिस को गली गलौज करने वाला, बेमतलब लोगो से मारपीट करने वाला और परेशन करनेवाला, चरित्रहीन, नशाखोर आदि समझते है. वे जानते हुवे भी पुलिस को कोई सहयोग और जानकारी नहीं देते है . इन सबके पीछे कारन पुलिस का जनता के प्रति खराब व्यवहार है. जब तक पुलिस अपने व्यवहारों में सुधर नहीं लाती है तब तक उनकी छवि में सुधार नहीं हो सकता है

# भाजपा संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करें : तरुण चुघ

## भाजपा संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीब मजदूरों किसानों की है जिन्होंने आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनिल को योजनाओं के माध्यम से उन्हें अंतिम पंक्ति की से आगे की पंक्ति में खड़ा करने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित कल है सन 2023 विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ केंद्र पर पार्टी के समस्त मोर्चा के कार्यकर्ता सैनिक की तरह संगठित होकर देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए एक कमल खिलाने का काम करें हम व्यक्ति नहीं विचार और भाजपा के कार्यकर्ता बनकर काम करेंगे तो निश्चित ही हम देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे।भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में कभी विकास नहीं हुआ दिग्विजय सिंह की सरकार में बिजली का आकार और कमलनाथ की सरकार में किसानों से झूठ बोलकर फार्म बनाकर उनको भ्रमित करना यह उनकी नीति रही है। सांसद संध्या राय ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार देश व प्रदेश में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कैबिनेट बैठक में जिले को मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति देकर इस कार्य को आगे बढ़ाया है।विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहां की जिला की जनता लंबे समय से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रही थी जिस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक में मेडिकल कॉलेज के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए शक्ति दे दी है और जिस का भूमि पूजन किया होगा उन्होंने कहा नगर निगम की बनाने का प्रस्ताव सरकार के पास है और नगर पालिका से नगर निगम की सौगात भी जिले को मिलेगी उन्होंने कहा की भाजपा सरकार विकास के लिए संवेदनशील है।सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता एवं पं दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह संजू ने उन्हें गायकी आकर्षक तस्वीर किस रूप में भेंट उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा क्षेत्र के संयोजक वरिष्ठ अभिभाषक अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट एवं आभार व्यक्त जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदोरिया ने किया। मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी शैलेंद्र बरुआ पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह कुशवाह डॉ रमेश दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा बालवीर जनपद अध्यक्ष सरोज बघेल,महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह कुशवाह से जिला संयोजक अभी नारौलिया महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शर्मा श्रीमती सरोज जोशी मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू अमित जैन शेरू पचौरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भानु भदौरिया,विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा प्रमुख रुप से मंचासीन रहे।राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शहर में महा जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नगर के व्यापारियों एवं दुकानदारों से पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष की उपलब्धियों के साथ उनका साहित्य लेकर जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताकर भाजपा के लिए समर्थन मांगा।




# प्रशासन एवं उद्योग मिलकर कार्य कर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति एवं विकास को और अधिक गति प्रदान करेंगे : कमिश्नर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह की अध्यक्षता में ÷मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना÷, उद्योग से संबंधित समस्याऐं एवं औद्योगिक नीति,पर्यावरण के संबंध में बैठक का आयोजन गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान सीआईआई से आशीष वैश्य, पुनीत डावर,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,एसपी मनीष खत्री, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, मालनपुर स्थित उद्योगों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित उद्योगों के




बारे में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने यहाँ स्थित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर औद्योगिक क्षेत्र के और बेहतर विकास करने के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उद्योगों ने बताया की मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना प्रदेश सरकार की एक अच्छी योजना है इससे युवाओं को रोज़गार मिलेगा और उद्योगों को स्किल्ड मैनपॉवर।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के सौंदर्यीकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।बैठक में यहाँ कुछ विशेष उद्योगों के क्लस्टर स्थापित किए जाने के विषय पर चर्चा हुई, जिससे इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को और तेज गति मिले ।आयुक्त ग्वालियर-चंबल दीपक सिंह ने सीआईआई के पदाधिकारियों एवं उद्योगों प्रतिनिधियों को आस्वस्त किया की प्रशासन द्वारा उद्योगों के सुचारू कार्य हेतु हर संभव मदद की जायेगी।उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं उद्योग मिलकर कार्य कर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति एवं विकास को और अधिक गति प्रदान करेंगे।

# भाजपा मंडल गोहरापदर के अंतर्गत अमलीपदर में आयोजित हुई किसान चौपाल,भाजपाइयों ने 'किसान हे बेहाल- चलो चौपाल' के के माध्यम से सरकार को भूपेश सरकार को घेरा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गोहरापदर भाजपा छत्तीसगढ़ इन दिनो मंडल स्तर पर सरकार को घेरने के लिए प्रदेशों में किसानो की समस्याओं को लेकर किसान हे बेहाल चलो चौपाल कार्यक्रम चलाकर किसानो के बीच चौपाल लगा रही है।प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल गोहरापदर के अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में किसान चौपाल आयोजित की गई।चौपाल में चर्चा करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कृषि उपज में समर्थन मूल्य (स्रस्क्र) में लगातार वृद्धि हुई धान ख़रीदी वर्ष 2018 में ?1740, 2022 में ?2060 2023 में ?2203 कुल ?463 की वृद्धि की है, राज्य की कांग्रेस सरकार धान खरीदी को अपनी उपलब्धियों में जोड़ती है साथ ही केंद्र सरकार धान खरीदी में पिछले 4 वर्षों में कुल ?51 हजार करोड़ दिए गए और कांग्रेस की सरकार द्वारा मात्र ?11 हजार करोड़ का ही भुगतान किया गया है।?2 में गोबर खरीद कर वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर अमानक खाद को ?10 में जबरदस्ती किसानों कोबेचकर परेशान किया जा रहा है.छत्तीसगढ़ राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षो का बारदाना का पैसा भी नहीं दिया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बोधनराम नायक, अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,जिला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी निर्भयसिंह ठाकुर,मंडल अध्यक्ष जय अवस्थी,संजय दुबे,मोहन नागेश,लक्ष्मण यादव,मनोहर ताम्रकार सहित कार्यकर्ता गण एवं किसान ब?ी संख्या में उपस्थित थे



# तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष के करकमलों द्वारा टी,.गवरी बाई पॉन ब्रोकर का उद्घाटन

**पुष्पांजली टुडे**



**चेन्नई।** मंगलवार सुबह 11बजे गवरी बाई पॉन ब्रोकर तचूरकुटरोड का ओपनिंग कार्यक्रम मे तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के तिरुवलुर इष्ट जिला अध्यक्ष एस. महावीरचन्द कटारिया जैन कि अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रुप में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द के करकमलों द्वारा उध्दाघाटन किया गया । इस कार्यक्रम में तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष भभुतराम कुलदानीया जाट गवरी बाई पॉन ब्रोकर के प्रमुख ताराराम राठौड़, केराराम हाम्बड, कमलेश गुजर, दलाराम सीरवी वह बडी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे

# शासकीय प्राथमिक शाला झरगांव तेतलपारा की एक छात्राओं का नवोदय, प्रयास, एकलव्य विद्यालय में हुआ चयन



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत झरगांव तेतलपारा के एक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शासन द्वारा विभिन्न आवासीय विद्यालयों हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय , माता-पिता व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है । नवोदय विद्यालय कक्षा षष्ठम हेतु निखिल ध्रुवा पिता श्री चंचल ध्रुवा माता श्रीमती डिकांति ध्रुवा सफ़लता हासिल किया है। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र- छात्रा प्रारंभ से ही मेहनती व मेधावी रहे हैं । निखिल ध्रुवा की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधान पाठक श्री देवनारायण ध्रुवा , सुरेशचंद्र टाडिल , गोकुलराम बघेल , गोविंद यादव, चंद्रकांति नागेश , जनपद सदस्य श्रीमती लक्ष्मी बाई पटेल, महेंद्र नागेश, नागेश्वर पटेल, अनूप पटेल, टेकराम बीसी, वेदनारायण ध्रुवा, चंचल ध्रुवा सुरेशचंद्र ध्रुवा, हेमकांत यादव, द्रोपति नागेश, माखनलाल नागेश ने छात्र निखिल ध्रुवा की इस सफलता पर हार्दिक बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है ।

# वित्तीय कुप्रबंधन के कारण धान के बकाया भुगतान की पहली किस्त ही लाखों किसानों तक नहीं पहुंची है- संदीप शर्मा

## तेंदूपत्ता संग्राहक वनवासी भी भुगतान के लिए भटक रहे हैं



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि किसानों के धान भुगतान के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तमाम दावों का गढ़बड़ी भी अब सामने आ रही है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को धान के बकाया भुगतान की पहली किश्त की राशि जारी किए जाने के दावे की सच्चाई यह है कि एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी हजारों किसानों के खाते में एक रुपया तक नहीं आया है!भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक तरफ किसानों को धान के अधिकतम दाम देने का ढोल पीट रहे हैं जबकि दूसरी तरफ परेशान किसान अब बैंक और कृषि कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए विवश हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राशि जारी नहीं होने के कारण किसानों का कृषि-कार्य ठप्प प? गया है। हमने जून के पहले सप्ताह में ही कबीरधाम जिले के लगभग 51 हजार किसानों के इस राशि से पूरी तरह वंचित होने का मामला सामने लाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था, लेकिन प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते किसानों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। अब जबकि बारिश शुरू हो चुकी है, किसानों को जुताई-बुआई और बीज-खाद के लिए पैसों की सख्त जरूरत है, तब यह खुलासा हो रहा है कि ऐसे मामले पूरे प्रदेशभर में हैं और ऐसा लग रहा है कि बकाया भुगतान की पहली किश्त की राशि से वंचित किसानों की यह संख्या लाखों में है। श्री शर्मा ने कहा कि एक ओर जहाँ सहकारी बैंक के अधिकारी बता रहे हैं कि इस बार रायपुर में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) के माध्यम से राशि जारी होने के कारण पूरे प्रदेश के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं प्रदेश सरकार उक्त भुगतान नहीं होने के जो कारण गिना रही है,वह गलत है। भुगतान लंबित होने की असली वजह तो यह है कि प्रदेश सरकार की वित्तीय स्थिति बेहद खराब है

# घर में घुसकर डकैती डालने वाले 30 हजार के ईनामी मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । दिनांक 5 जून 2022 को फरियादी अतर सिंह बघेल निवासी अमर ज्योति स्कूल के पास रौन ने रिपोर्ट की कि आज दिनांक 05/06/22 को 01÷30 बजे से 02 बजे का समय होगा कि मै अपने घर के बाहर वाले कमरे में विस्तर पर बैठा था मेरी पत्नि कुशमा देवी अन्दर सो रही थी व मेरी बहू पूजा अन्दर बाले कमरे में कूलर में सो रही थी उसी समय तीन अज्ञात व्यक्ति मुहँ बांधकर अन्दर घुस आये जिनमें से दो व्यक्तियों के हाथ में कट्टा था जैसे ही मै कुछ बोलता इतने में एक व्यक्ति ने मुझे पकड लिया तथा दूसरे ने कट्टा अडाकर मेरा गला पकड़ लिया और कहा कि चिल्लाया तो जान से मार दूंगा। तब तक मेरी पत्नि की नींद खुल गयी तो एक व्यक्ति ने मेरी पत्नि को कट्टा अडा दिया तथा मुझे अन्दर ले गये व तिजोरी खोलकर उसमें रखे नगदी 2,20,000 रुपये तथा सोने चाँदी के जेवर बैग में रखकर तथा मेरा मोबाईल भी छीनकर ले लिया मुझे व मेरी पत्नि को चादर फाड कर हाथ पैर बाघकर डाल दिया व लूट कर भाग गयें। जिस पर से थाना हाजा पर अपराध क्र 132/22 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।उक्त घटना में पुलिस ने दौराने विवेचना पाया कि तीन व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य तीन व्यक्तियों द्वारा घटना की योजना बनायी गयी तथा घटना कारित करते समय घर के बाहर रहकर चौकीदारी की गयी जिस पर से पुलिस द्वारा धारा 395,397 भादवि इजाफा कर घटना की पतारसी कर 5 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर घटना में लूटा गया मसरुका बरामद किया गया था घटना का मुख्य आरोपी तथा मास्टर माईड घटना दिनांक से ही फरार था।उक्त अपराध में पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना द्वारा आरोपी की गिरफ्तार हेतु 30,000 रुपये का ईनाम





घोषित किया गया था तथा आरोपी की गिरफ्तार हेतु निर्देशित किया गया था।पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा लगातार सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधियों एवं चोरी व नकबजनी की रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है,एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर उक्त अपराध की पतारसी कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिये गये थें ।उक्त सम्बन्ध में गठित पुलिस टीम के द्वारा आरोपी की धरपकड़ के लिये संभावित अलग-अलग स्थानों पर ग्वालियर, मुरैना, इटावा (उ. प्र.), जयपुर (राजस्थान) में कई बार दविश दी गयी परन्तु आरोपी द्वारा अपने पुराने किसी भी ठिकाने पर नही होना पाया गया, पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नही लग रहा था ।उक्त आरोपी के सम्बन्ध में मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि आरोपी मानगढ में छुपा हुआ है जिस पर से पुलिस टीम द्वारा दविश देकर आरोपी को पावर हाउस के सामने मानगढ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी घटना के बाद से ही अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था आरोपी से घटना के माल-मसरुका आदि के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ की गयी तो आरोपी द्वारा घटना का माल-मसरुका बरामद कराया गया।बरामद मसरुका ÷सोने के पैडल 5 नग ,चॉदी की एक जोडी ख?ाऊ , चाँदी के सिक्के 4 नग ,चाँदी की एक जोडी पायल ,चाँदी के कुन्दें 50 नग , चाँदी के बिछिया 5 जोडी ,चॉदी की करघोनी ,चाँदी की ताबीज 24 नग ,ताँबे की ताबीज 48 नग ,एक कट्टा 315 बोर मय जिन्दा राउण्ड । कुल कीमती मसरुका करीब 2 लाख रुपये, नगद 5 हजार रुपये।

उल्लेखनीय कार्य में थाना रौन निरीक्षक नरेन्द्र सिहं कुशवाह, उपनिरीक्षक विवेक प्रभात प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा,आरक्षकों में विपिन जाट,रामबरन,राजू, राहुल तोमर,नवीन तोमर । थाना असबार टीम में उपनिरीक्षक वैभव तोमर,आरक्षक गजेन्द्र ।सायवर सेल टीम - एसआई दीपेन्द्र यादव,एसआई शिवप्रताप राजावत, एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षकों में महेश कुमार,प्रमोद पाराशर,सतेन्द्र यादव,आरक्षकों में आनन्द दीक्षित,यतेन्द्र राजावत,राहुल यादव, हरपाल चौहान की सराहनीय भूमिका

# 17500 किलोमीटर की शहीद सम्मान व भारत गौरव यात्रा करने वाले जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा के मदन मोहन कौशिक को पाटनमे सम्मानित किया गया

### अंग्रेजी शिक्षक मदन मोहन कौशिक को रोटालिया हनुमान मंदिर कमेटी तथा पाटन शहर के गणमान्य लोगों द्वारा सम्मानित किया गया





**पाटन ब्यूरो,**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गुजरात।** आज पाटन जिला गुजरात के रोटलिया हनुमान मंदिर में 17500 किलोमीटर की शहीद सम्मान व भारत गौरव यात्रा करने वाले जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा के अंग्रेजी के शिक्षक मदन मोहन कौशिक को मंदिर कमेटी तथा पाटन शहर के गणमान्य लोगों द्वारा सम्मानित किया गया तथा उन्हें रोटियों से तोला गया। पाटन के वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें माला तथा पटका पहनाया तथा उनके हाथों से मंदिर में पूजा अर्चना करवाई गई। इस मंदिर की खास बात यह है कि इस मंदिर में रुपया या प्रसाद नहीं चढ़ता बल्की रोजाना मंदिर परिसर में ही आटे की रोटियां बनाई जाती हैं तथा उन्हें कुत्तों और गायों को खिलाया जाता है। यह विश्व का पहला मंदिर है जहां आटे की रोटियां बना कर प्रसाद के रूप में चढ़ाई जाती है व आसपास के श्रद्धालु भी अपने घर से रोटियां बना कर यहां प्रसाद के रूप में चढ़ाते हैं। इस मंदिर के संस्थापक स्नेहल पटेल, राकेश भाई पटेल, हरेशभाई पटेल, निलेश श्रीमाली तथा पाटन शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति के बीच मदन मोहनजी ने अपनी शहीद सम्मान व भारत गौरव यात्रा के बारे में भी लोगों को बताया तथा शहीदों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की अपील की। उन्होंने देश की एकता और अखंडता में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को भी याद किया।

# समाजसेवी ने अपने जन्मदिन पर कराया भंडारा , श्री मारकंडेश्वर महादेव के दर्शन कर लिया पुण्य लाभ

**दैनिक पुष्पांजली टूडे ग्वालियर**
मालनपुर/औधोगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित शिवशक्ति फैक्ट्री के निदेशक एवं मालनपुर उद्योग संघ के सचिव, भगवान शिव के भक्त, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र नागवानी ने अपने जन्मदिवस पर ग्वालियर फूल बाग पर स्थित भगवान मारकंडेश्वर महादेव मंदिर सवपरिवार पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और साधु संतों , गरीब, जरूरतमंदों को भंडारा कराया द्य नागवानी ऐसे अनेकों पुनीत कार्य किए हैं जैसे कि करोना काल में मार्क्स बांटना गरीब वेसहरायो को खाना खिलाना और



गरीबों कि मदत के लिए निशा तैयार हो तत्पर रहते हैं श्री नागवानी द्वारा हर महीने के आखिरी सोमवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन कराया जाता है जिसमें साधु संत गरीब असहाय जरूरतमंद लोग प्रसादी ग्रहण करते हैं श्री नागवानी के जन्म दिवस पर



उद्योगपतियों, जनप्रतिनिधियों पत्रकार बंधु एवं उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ही हे



# कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू न्‍नागरभावी स्थित अंबेडकर महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए अपने वक्तव्य में कहा जो खेलता है वह खिलता है एवं जो फिट रहता है वह जीवन के हर क्षेत्र में हिट रहता है खेल को खेल की भावना से खेलें ।इस अवसर पर आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया

# भाजपा सरकार के भष्ट्राचार को जन-जन तक पहुंचाएं सोशल मीडिया कार्यकर्ता :डॉ गोविंद सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

लहार । विधानसभा लहार में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक



आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह जी उपस्थित रहे सोशल मीडिया की बैठक में मछंड,मिहोना,लहार,दबोह, आलमपुर ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई,बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह जी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार में हो रहे घोटालों को आम जन तक पहुंचाने का कार्य करे और साथ में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के कार्यों की सराहना भी की,नेता प्रतिपक्ष ने कहा भाजपा सरकार में सरकारी खजाने को लूटने का काम किया जा रहा है और कहा कांग्रेस की सरकार बनने पर ? 500 में गैस सिलेंडर, 1500 रुपए प्रतिमाह हर महिला को नारी सम्मान योजना के तहत, किसानों का कर्जा माफ होगा,100 यूनिट बिजली मा? 200 यूनिट पर बिजली हाफ,पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएगी।बैठक में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया ,लहार विधानसभा अध्यक्ष आवेश खान,लहार कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारी शिवशंकर भदौरिया,प्रतीश विस्वास , आशीष चौहान,अजय उपाध्यक्ष, मनोहर गौर,समीर खान,संजीव टैगोर,संदीप राजावत,रोहित राजावत, अनमोल राजावत,प्रदीप कुशवाह, राहुल यादव,राज प्रताप,गौरव झा,रामकुमार प्रजापति,अनीस अहमद,भानु राठौर,अनुरुद्ध पटेल,अंकित रजक आदि उपस्थिति रहे

# खरगोन मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति सदस्य ने की देहदान की घोषणा

### - खरगोन में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति पर जताया हर्ष, मुख्यमंत्री का आभार माना

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन।** प्रदेश के शिवराज कैबिनेट द्वारा खरगोन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने पर खरगोन मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति ने हर्ष जताया है। बुधवार को समिति सदस्यों ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन, कल्याण अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार आदि को मिठाई खिलाकर खरगोन में मेडिकल कॉलेज स्वीकृति पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य जगदीश भावसार ने मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए देहदान



की घोषणा की। श्री भावसार ने संकल्प लिया था कि जब भी खरगोन के लिए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत होगी वे विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु मरणोपरांत देहदान की घोषणा करेंगे। श्री भावसार की चिकित्सा शिक्षा के हित में की गई घोषणा का भाजपा नेताओं व संघर्ष समिति सदस्यों ने स्वागत किया है। सांसद श्री पटेल ने कहा संघर्ष समिति ने खरगोन में मेडिकल कॉलेज की मांग को प्रमुखता से उठाकर शासन-प्रशासन का ध्यान खींचा। साथ ही हमें भी इस मांग को स्वीकृत कराने में सहयोग मिला। आगे भी शहर व जिले के हित में मिलकर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर संघर्ष समिति सदस्य आशुतोष पुरोहित, उमेश रेवलिया, शशिकांत शर्मा, ओम रामणेकर, श्याम कुशवाह, राकेश जायसवाल, सुनील शर्मा, तरुण सोनी, विनोद गोले, मनीष मडाहर, संजय पाराशर, अंशुल भालसे आदि उपस्थित थे।

# मनोरमा कालेज आफ नर्सिंग खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

आज दिनांक 28.06.2023 को मनोरमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खरगोन श्री जी.सी.मिश्रा द्वारा नशे से दूर रहने तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उत्सुकतावश या अपने जीवन से हारकर लोग नशा करना चालू करते है और वो इस दलदल में बहुत बुरे फसते जा रहे है। हमें नशे जैसी चीज को एक शौक के रूप में भी प्रयोग नही करना चाहिए। हमें जितना हो सके इससे दूर ही रहना चाहिए और ज्यादातर युवाओं को जागरूक करना चाहिए। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की जानकारी देते हुए कहा गया कि यदि आप वाहन चला रहे



है तो आपके पास लाइसेंस एवं गाडी का बीमा होना अत्यन्त आवश्यक है यदि आपके पास लाइसेंस एवं गाडी का बीमा नही है और कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो आपको भारी आर्थिक परेशानियों का सामना तो करना पड सकता है साथ ही आपको जेल भी हो सकती है। साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, महिला संबंधी कानून, मध्यस्थता योजना, सामान्य कानून एवं विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । डॉ श्री चेतन पठौते द्वारा अस्थि रोग संबंधी एवं जनसाहस संस्था के समन्वयक श्री इरफान खान द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सहयोग एवं उन्हे जागरूक किये जाने हेतु किस प्रकार कार्य किया जाता है के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर श्री अशोक दीक्षित, प्राचार्य श्रीमती अरूणा सेबले, तहसील विधिक सेवा समिति से श्री नीलमओमप्रकाश पगारे, श्री परसराम गंधारे, कॉलेज कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अयोध्यावासी वैश्य समाज का सेल्फी डे कार्यक्रम सम्पन्न,विजेताओं को मिला नगद राशि पुरुस्कार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल**–पशु पक्षियों के साथ फोटो खींच सेल्फी डे प्रतियोगिता कार्यक्रम गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति द्वारा सम्पन्न कराया गया।जिसमें गुप्ता एकता मंच के संस्थापक डॉ राकेश गुप्ता,संरक्षक श्री राजेश गुप्ता जी,जबलपुर प्रदेश अध्यक्ष ब्रज गुप्ता,नरवर सचिव जगदीश गुप्ता,मंडीदीप कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,विदिशा प्रदेश अध्यक्ष शुवम गुप्ता पीपलखेड़ा,युवा प्रदेश प्रभारी अर्पित गुप्ता ग्वालियर एवं समस्त कार्यकारिणी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशु पक्षियों के साथ मानव के द्वारा किये जा रहे व्यवहार को और बेहतर बनाना है व आवारा पशु पक्षियों को दाना पानी उनको सुरक्षित रखने की ओर ध्यानाकर्षण किया गया।सेल्फी डे कार्यक्रम पशु पक्षी जीव जंतु इत्यादि के साथ सेल्फी क्लिक कर रखा गया



था।जिसमें प्रथम पुरुस्कार रुचि गुप्ता दबोह जिला भिंड,द्वितीय पुरुस्कार मधुर गुप्ता जबलपुर,तृतीय पुरुस्कार मनीष गुप्ता आरोन जिला गुना,चौथा पुरुस्कार शिमर गुप्ता बिदिशा,पांचवा पुरुस्कार ज्योति गुप्ता अतर्रा उत्तर प्रदेश को निर्णय समिति द्वारा चयन किया गया।जिसमें सभी की पुरुस्कार राशि सफलतापूर्वक गुप्ता एकता मंच द्वारा भेजी गई एवं विजेताओं को सम्मानित किया गया।वहीं प्रदेश अध्यक्ष ब्रज गुप्ता ने बताया कि आये दिन युवा पी?ी नशे व मोबाइल की डिजीटल दुनिया मे उलझती जा रही है और सामाजिक गतिविधियों व समाजसेवा से दूर होती जा रही है जिसके चलते उनको जागरूक करने के लिए समय समय पर समाज द्वारा कार्यक्रम किये जाते रहेंगे।समस्त विजेताओं को समाज के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# थाना ऊमरी पुलिस ने साढे चार लाख रुपये कीमत की चोरी गई 07 भैंसों को 06 घण्टे में किया रामद





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ऊमरी। दिनांक 28/06/2023 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चंबल जोन श्री सुशांत कुमार सक्सेना जी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई।आज दिनांक 28/06/2023 को फरियादी कोक सिंह यादव पुत्र सुग्रीव सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी बाबा का टोला ऊमरी ने रिपोर्ट की कि कल दिनांक 27/06/2023 को मै अपनी 02 भैंस, 04 पडियां व 01 पड़ा को खेत में चराने के लिये गया था मै पशुओं को छोडकर खाना खाने के लिये घर चला गया बाद में मै खेत में पहुंचा तो मुझे मेरी भैंसे नहीं मिली मैने अपनी भैंसो को आस-पास तलाश किया तो पता चला कि कोई अज्ञात चोर मेरी भैंसो को हांक कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ऊमरी पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 163/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी द्वारा एक टीम का गठन कर भैंसो की पतारसी शुरू की गई एवं मुखबिर मामूर किये गये। पतारसी के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कुछ भैंसो को हांकते हुए बिलाव गांव में बीहड की ओर ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल टीम को रवाना किया गया जहां मुखबिर के बताये स्थान पर एक व्यक्ति भैंसों को हांकते हुए दिखा जो पुलिस को देखकर बीहड में भाग गया। उक्त भैंसों का हुलिया एफआईआर में उल्लेखित हुलिये का होने से भैंसो को पुलिस अभिरक्षा में लेकर फरियादी से पहिचान कराई गई तो फरियादी द्वारा उक्त भैंसो को अपना होना बताया। बाद उक्त भैंसों को अपनी कस्टडी में लिया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतारसी के प्रयास जारी है।

### खरगोन पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोर गिरोह का पर्दाफाश

# चोरी की कुल 20 मोटर सायकल एवं 02 मोटर सायकल इंजन पुलिस द्वारा बरामद

**थाना कोतवाली खरगोन**
**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

### मोटर सायकल चोर गिरोह के 04 आरोपी गिरफ्तार

### जप्त शुदा मोटर सायकल एवं इंजनो की कीमत लगभग 10,00,000/- रुपये

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता द्वारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह यादव के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में थाना कोतवाली खरगोन पर मोटर सायकल चोर गिरोह के विरुद्ध बडी कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** -दिनांक 27.06.2023 को चोरी की मोटर साईकल अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाले आरोपी 01. बन्टी पिता छोटेलाल 02. बाबा उर्फ राकेश पिता छोटेलाल साहु को थाने के अपराध क्रमांक 391/2023 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस एक्ट की कार्यवाही कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर आरोपीयो का पुलिस रिमान्ड प्राप्त किया गया था ।

पुलिस रिमान्ड की अवधि के दौरान आरोपी बन्टी तथा बाबा उर्फ राकेश से शहर खरगोन से चोरी गये वाहनो के संबंध में सघन पूछताछ की गई । पूछताछ के दौरान गिरफ्तारशुदा आरोपीयो द्वारा बताया गया कि, उन्होंने अपने खरगोन शहर के साथी बादल निवासी रहीमपुरा खरगोन, सुरेश पिता दिलीप निवासी हाल मुकाम रहीमपुरा खरगोन के साथ मिलकर खरगोन, ऊन, मेनगांव, बरुड, मण्डलेश्वर आदि स्थानों से दो पहिया वाहन मोटरसायकले भी चोरी की है ।

आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बादल को पुलिस



टीम द्वारा गिरफ्तार कर पूछताछ करते उसने भी उपरोक्त स्थानों से मोटरसायकले चोरी करना बताया साथ ही बताया कि उक्त चोरी की गई गाडियों को ग्राम बोरी थाना निंबोला के कय्युम पिता उस्मान गनी जिलानी को बेचना बताया । जिस पर कय्युम पिता उस्मान गनी निवासी बोरी जिला बुरहानपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोटरसायकलो के चेचिस जप्त किये गये । पूछताछ में कय्युम ने बताया कि उसने आरोपी बन्टी एवं उसके सगे भाई बाबा उर्फ राकेश तेली निवासीगण ग्राम पिपराना थाना निंबोला जिला बुरहानपुर से मोटरसायकले खरीदना बताया तथा उसके बाद उक्त चोरी की मोटरसायकलों के पार्ट्स निकालकर बेचना बताया । आरोपी कय्युम निवासी बोरी से 02 मोटरसायकलो के चेचिस जप्त किये गये । उक्त चारो आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है जिनका पुलिस रिमांड लिया जाकर अन्य चोरी की मोटर साईकलो की पूछताछ की जावेगी ।

**तरीका ए वारदात**-आरोपीगण बन्टी व बाबा उर्फ राकेश शहर खरगोन दोनो सगे भाई है जिन्होंने पूछताछ में वारदात के तरीके में बताया कि बन्टी का सगा छोटा भाई बाबा उर्फ राकेश अपने शरीर में बाथरुम के रास्ते नली लगी होने से लोगों घरो के ओटलो पर बैठ कर रैकी कर मोटरसायकल की जानकारी लेता था । बाद में अपनी गैंग के साथीदारान बादल एवं सुरेश तथा अपने भाई बंटी को ईशारा कर मोटरसायकल वाहन को चुरा लिया करते थे ।

फिर उक्त चुराई गई मोटरसायकलो को धुलकोट बोरी शिवा बाबा के जंगलों में ले जाकर छुपाकर रख देते थे बाद में लोगो को अपनी मोटरसायकल बताकर पैसो की आवश्यकता होना बताकर बेच देते थे या गिरवी रख देते थे । इसी क्रम में वह अन्य आरोपी कय्युम निवासी बोरी से संपर्क में आये तथा उसे भी चोरी की मोटरसायकले सप्लाई करने लगे । आरोपी कय्युम द्वारा उक्त मोटरसायकलों के पार्ट्स निकालकर अलग अलग कर अन्य मोटरसायकलों में फिट कर बेच दिया करता था ।

गिरफ्तारशुदा आरोपी

1.बन्टी पिता छोटेलाल साहु जाति तेली निवासी पिपराना थाना निम्बोला जिला बुरहानपुर

2.बाबा उर्फ राकेश पिता छोटेलाल साहु निवासी पिपराना थाना निम्बोला जिला बुरहानपुर

3.बादल पिता सुमेर वर्मा जाति कोली निवासी रहीमपुरा खरगोन,

4.कय्युम पिता उस्मान गनी जिलानी जाति मुसलमान निवासी बोरी थाना निम्बोला जिला बुरहानपुर

**फरार आरोपी का नाम**

1.सुरेश पिता दिलीप देवले जाति भीलाला निवासी हाल मुकाम रहीमपुरा खरगोन

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यावाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खरगोन श्री राकेश मोहन शुक्ल के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी खरगोन श्री बी.एल. मंडलोई के नेतृत्व में उनि. राजेद्र अवास्या, उनि. पदमसिह मोर्य, उनि. अमित पंवार, उनि. अजय दुबे, उनि. राजेन्द्र बघेल, सउनि आशीष सोमवंशी, सउनि दिलीप ठाकरे , सउनि सुरेश चौहान, प्र.आर. भूरला सोलंकी , प्रआर हुकुम राठोड, सियाराम डावर, धर्मेन्द्र राजावत, कोटवाल डावर, इन्द्रपालसिंह पंवार, आर. पवन पाटीदार, सचिन चौधरी, मुकेश मण्डलोई, आशीष चौहान, ललीत भावसार, ज्योतिसिह, रविन्द्र जाधव, दीपक सिकरवार, मोहन वास्कले, सुशील वास्कले, ,संतोष शुक्ला, मुकेश मालवीय ,रामदास रावत, मनोज , आकाश , भानसिंह, जेतराम बरडे व सायबर सेल से उनि. सुरदर्शन कलोसिया, आर. अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा ।

# पटना में विपक्ष की बैठक और मोदी

विपक्षः विपक्षी दलों की पटना-बैठक देश की राजनीति में पिछले पांच दशकों के दौरान हुई सबसे बड़ी और महत्त्वपूर्ण घटना है।

श्रवण गर्ग

भारत के इतिहास को बदलने में जुटी सरकार अब उस इतिहास को नहीं बदल पाएगी जो इस समय लिखा जा रहा है।देश प्रतीक्षा कर रहा है कि अपने सभी प्रकार के विरोधियों का, वे चाहे पार्टी के भीतर हों या बाहर, स्थितप्रज्ञ भाव से शमन कर देने का वरदान प्राप्त कर चुके प्रधानमंत्री विधानसभा-लोकसभा चुनावों के ठीक पहले उपस्थित हुई इस चुनौती का मुकाबला किन हथियारों से करना चाहेंगे?

देश के भविष्य से जुड़े हर छोटे-बड़े मुद्दे पर एक रहस्यमय और लंबी चुप्पी साध लेने में माहिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या आपातकाल की वर्षगाँठ की पूर्व संध्या पर पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक और उसके बाद उनकी ही पार्टी में पैदा हुए भूचाल पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त करेंगे? देश की जनता मोदी के मुँह की तरफ ताक रही है! कुछ ज्यादा ही आशंकित लोगों की जमात अगर उनके द्वारा किसी 'राष्ट्र के नाम संदेश' की प्रतीक्षा भी कर रही हो तो आश्चर्य नहीं व्यक्त किया जाना चाहिए। पटना में विपक्ष के जमावड़े को देश में उनकी अनुपस्थिति के दौरान तख्ता पलट की पहले चरण की कार्रवाई भी माना जा सकता है।

पंद्रह विपक्षी दलों की पटना-बैठक देश की राजनीति में पिछले पाँच दशकों के दौरान हुई सबसे बड़ी और महत्त्वपूर्ण घटना है। यह बैठक राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई चार हजार किलोमीटर लंबी 'भारत जोड़ो यात्रा' और उसके तत्काल बाद उनके नेतृत्व में हुए कर्नाटक-फतह का सर्वदलीय अभिनंदन था।



अद्भुत संयोग था कि जून 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में पटना से प्रारंभ हुई जिस 'संपूर्ण क्रांति' के प्रमुख सैनिकों में लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार शामिल थे वे ही लगभग पाँच दशकों के बाद की इस नई क्रांति की अगुवाई भी कर रहे थे। जून 1974 में राहुल गांधी की उम्र केवल चार साल की थी। लालू और नीतीश को कोई दिव्य दृष्टि तब प्राप्त होती तो वे जान लेते कि जिस इंदिरा गांधी को सत्ता से हटाने के लिए वे सड़कों पर उतर रहे हैं 2023 के जून में उन्हीं का पोता देश में कथित तौर पर जारी अघोषित आपातकाल और 'तानाशाही' को समाप्त करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व करने वाला है।

भारत के इतिहास को बदलने में जुटी सरकार अब उस इतिहास को नहीं बदल पाएगी जो इस समय लिखा जा रहा है।देश प्रतीक्षा कर रहा है कि अपने सभी प्रकार के विरोधियों का, वे चाहे पार्टी के भीतर हों या बाहर, स्थितप्रज्ञ भाव से शमन कर देने का वरदान प्राप्त कर चुके प्रधानमंत्री विधानसभा-लोकसभा चुनावों के ठीक पहले उपस्थित हुई इस चुनौती का मुकाबला किन हथियारों से करना चाहेंगे? क्या उन्हीं हथियारों से, जिनके प्रति संकल्प उन्होंने दुनिया की आँखों के सामने हाल ही में अमेरिका में प्रकट किया था कि : 'भारत लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र को जीते हैं!' या उन शस्त्रों के जरिए करेंगे जिनका उपयोग 'राजधर्म' का पालन करने वाली सत्ताओं के लिए निषेध है?

वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच सत्ता-हस्तांतरण के प्रतीक जिस पवित्र 'राजदंड' (सेंगोल) की स्थापना प्रधानमंत्री ने अपनी कल्पना के नये संसद भवन में 'सावरकर जयंती' के दिन की थी वह इस समय अदृश्य होकर देश की हवा में तैर रहा है और विपक्षी उसे लपक लेने को आतुर हैं!

(शेष बॉलीवुड पेज पर)

## बराक ओबामा को आईना!

अपनी बात
संपादकीय

मॉब लीचिंग रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिशा निर्देश जारी किए थे। मगर इसी महीने महाराष्ट्र में ऐसी दो घटनाएं हुई हैं। अगर देश में मॉब लिंचिंग रुक नहीं रही है, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है?

*अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा संभवतः वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के बचाव में मीडिया के सामने आए और 'अल्पसंख्यक विरोधी' नीतियों पर भारत सरकार को अपना बहुचर्चित- अथवा विवादास्पद- सुझाव दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजकीय सम्मान देने के बाइडेन प्रशासन के फैसले से वहां के लिबरल खेमों और मीडिया में गहरी व्यग्रता देखी गई। इससे अपनी पार्टी की सरकार के लिए बनी असहज स्थिति के बीच ओबामा ने एक टीवी चेनल को इंटरव्यू दिया। उसमें उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को 'देश के आर्थिक और सुरक्षा हित' में हर तरह के नेताओं के साथ मिलना पड़ता है। तो स्पष्टतः जो बात चीन को घेरने की अपनी मजबूरी में मोदी से बाइडेन नहीं कह पाए, उसे कह कर ओबामा ने लिबरल खेमों को संतुष्ट करने की कोशिश की। लेकिन उनकी टिप्पणई भारत में गरम प्रतिक्रिया का मुद्दा बनी हुई है।*

*असम के मुख्यमंत्री से शुरू होकर देश के वित्त और रक्षा मंत्री तक ने अपनी पार्टी के शासन के बचाव की कोशिश में ओबामा को आईना दिखाने की कोशिश की है। इस सिलसिले में ओबामा प्रशासन के समय मुस्लिम देशों देशों पर की गई बमबारियों का जिक्र किया गया है। भाजपा नेताओं ने जो कहा है, वह तथ्य है। अपने दो कार्यकाल में बतौर राष्ट्रपति ओबामा का जो रिकॉर्ड रहा, उसकी वजह से ही उनकी छवि आधुनिक अमेरिकी इतिहास में सर्वाधिक विश्वास तोड़ने वाले नेता की बनी हुई है। इसके बावजूद यह कहना आवश्यक है कि ओबामा को आईना दिखाने से भारत में जो रहा है, वह ढक नहीं जाएगा। देश में मुस्लिम विरोधी माहोल बनाए रखा गया है, यह भी एक तथ्य है, जो इतिहास में दर्ज हो रहा है। इसी महीने महाराष्ट्र में गोमांस के नाम पर लोगों की पीट पीट कर हत्या कर देने के दो मामले सामने आए हैं। जबकि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिशा निर्देश जारी किए थे।*

## बात हुई, यही काफी!

आयोजन से जुड़े कई प्रतिनिधियों को यह कहते सुना गया कि इस मुद्दे पर अलग से बातचीत की जरूरत थी, जो अब शुरू हुई है। यानी फिलहाल यही संतोष की बात है कि ऐसी बात शुरू हो गई है।

*दुनिया में एक नया वित्तीय करार करने के इरादे से पेरिस में पिछले हफ्ते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ। इसलिए आयोजन से जुड़े कई प्रतिनिधियों को यह कहते सुना गया कि इस मुद्दे पर अलग से बातचीत की जरूरत थी, जो अब शुरू हुई है। यानी फिलहाल यही संतोष की बात है कि ऐसी बात शुरू हुई है। दो दिन के इस सम्मेलन के लिए पेरिस में करीब 1,500 प्रतिभागी जुटे। इनमें 40 राष्ट्र प्रमुख भी शामिल थे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सम्मेलन के समापन समारोह में कहा- 'इन दो दिनों ने हमें मौका दिया है कि हम धरती के लिए एक नई सहमति बना सकें। हम इस दौरान एक ऐसे दस्तावेज पर सहमति बना पाए हैं जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और उसके संचालन में सुधार के प्रति एक साझा राजनीतिक नजरिये को प्रतिबिंबित करता है।' सम्मेलन में कहा गया कि दुनिया कई तरह के संकट झेल रही है। बीते कुछ बरसों में कोविड-19 महामारी की वजह से गरीबी और सार्वजनिक ऋण संकट आसमान तक पहुंच चुके हैं। ज्यादा से ज्यादा विकासशील देश डिफॉल्ट के कगार पर हैं।*

*जलवायु परिवर्तन अपना असर और ज्यादा दिखा रहा है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के प्रति लोगों का भरोसा टूटा है। ऐसे में पहली बार विश्व नेता इन चुनौतियों पर बात करने के लिए साथ आए हैं। यह तो साफ हो चुका है कि अभी जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान हैं, वो इस तरह कि परिस्थिति से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इनमें विश्व बैंक और आईएमएफ प्रमुख हैं। 1944 में हुए ब्रेटन वुड्स एग्रीमेंट के तहत वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ बनाए गए। इनकी अगुवाई भी अमेरिका और जी-7 के देश करते हैं। शिकायत यह है कि ये संस्थान ऊपर से नीचे की तरफ निर्देश पास करने वाले सिस्टम की तरह काम करते हैं। जबकि जरूरत यह है कि गरीब देशों को भी फैसले करने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। इसलिए विकासशील देशों की तरफ वित्तीय ढांचे में बदलाव की मांग पुरजोर ढंग से उठी है। इसी के दबाव में धनी देश नए करार पर बात शुरू करने के लिए मजबूर हुए हैं।*

## समाचार विश्लेषण : जलवायु परिवर्तन जर्मन वाइन के लिए अवसर?

जर्मनी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के बाद और पुर्तगाल से पहले जर्मनी दुनिया का नौंवा सबसे बड़ा वाइन उत्पादक देश था। पिछले साल अपना वाइन उत्पादन बढ़ाने वाला यूरोपीय संघ का इकलौता देश था। इस कामयाबी का श्रेय जाता है, अंगूर की खेती के सूखे और गरम होते सीजन को।

शराब उद्योग के लिए ग्लोबल वॉर्मिंग के क्या मायने हैं, इसे लेकर वाइन निर्माताओं की राय बंटी है। लेकिन जर्मनी लाभ कमा रहा है। श्ये डायनोसोर का स्वाद चखने जैसा है। जलवायु परिवर्तन में आप ये वाइन्स फिर से नहीं बना सकते। सूट और टाई में सजे-धजे डीइटर ग्राइनर एक भव्य, लकड़ी की नक्काशी वाले हॉल में बैठे कई वाइन निर्माताओं के बीच मुस्करा रहे हैं। उनके पीछे की दीवार पर काले कपड़े पहने, तटस्थ चेहरे वाले जर्मन भिक्षु कतार में लगे अपने चित्रों से झांक रहे हैं। ग्राइनर के सामने और कमरे में मौजूद हरेक व्यक्ति के सामने रखी मेज पर वाइन के नौ गिलास रखे हैं, जिनमें ऐंबर यानी भूरे-पीले रंग वाली रीजलिंग भरी हुई है। इसे आइस वाइन भी कहा जाता है।

तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से, उनकी वाइनरी में 2012 से उस किस्म की रीजलिंग नहीं तैयार हो पा रही है। ग्राइनर बताते हैं कि ये वाइन ठंडे मौसम पर निर्भर है। उधर उनके मेहमान अपने गिलासों को सूंघते और हिलाते हैं। जर्मन वाइन विशेषज्ञ ग्राइनर अपने वाइन उत्पादन के लिए विख्यात एक पूर्व सिस्टरसियन मठ- क्लोस्टर एवरबाख के प्रबंध निदेशक हैं। जून में, जर्मनी की राइन नदी के किनारे स्थित ईसाई मठ ने अपने वाइन आर्काइव की झलक पेश की। इस खास टेस्टिंग इवेंट में यूरोप भर के चुने हुए वाइन निर्माता बुलाए गए थे। दो दिन तक, फ्रांस, स्पेन, इटली और अन्य जगहों से वाइन उद्योग से जुड़े दर्जनों लोग मठ में जमा हुए, उन्होंने जर्मन रीजलिंग की 101 किस्म की पुरानी वाइनों का स्वाद चखा।

जर्मन वाइन निर्माता और वाइन के विशेषज्ञ-वेटर रह चुके राल्फ फ्रेन्सल ने डीडब्ल्यू को इवेंट शुरू होने से पहले दिए एक इंटरव्यू में बताया कि विचार जर्मन वाइन और जर्मन संस्कृति की ओर ध्यान खींचने का है। फ्रेन्सल के मुताबिक वाइन का ये जी20 मठ और उनकी वाइन पत्रिका फाइन के बीच सहयोग है। फ्रेन्सल को उम्मीद है कि इस इवेंट से विदेशों में जर्मनी की कलनरी यानी पाक-कला छवि का विस्तार होगा जिसमें बीयर के अलावा और भी चीजें शामिल की जा सकेंगी।

दूसरे देशों में प्रेजन्टेशन देते हुए, फ्रेन्सल कहते हैं कि वो हमेशा एक स्लाइड रखते हैं जिसमें लेदर की हाफपेंट पहने एक बंदर को बीयर पीते और जाउअरक्राउट (खट्टी नमकीन पत्तागोभी) खाते दिखाया गया है। वो कहते हैं, श्फिर मैं दूसरी स्लाइड दिखाता हूं जो कहती हैः 321 एक सितारा मिशेलिन रेस्तरां, 58 दो सितारा रेस्तरां और 12 तीन सितारा रेस्तरां। ये उन जर्मन रेस्तरां की लिस्ट है जिन्हें प्रतिष्ठित कलनरी अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

हम लोग ऐसे ही एक रेस्तरां की बालकनी में बैठे हैं। एन्टे नाम का ये रेस्तरां वीजबाडेन में है जहां फ्रेन्सल ने 1980 के दशक में अपनी शुरुआत वाइन वेटर के रूप में की थी। उन दिनों, उत्पादन के स्तरों में गिरावट ने जर्मन वाइन की प्रतिष्ठा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया था। पिछले 40 साल में, जर्मन वाइन निर्माता और वेटर-विशेषज्ञ ने उस साख को बहाल करने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगाया है जो पहले विश्व युद्ध से पूर्व वर्ल्ड क्लास थी जब जर्मनी यूरोपीय धनिकों के लिए एक लोकप्रिय ठिकाना हुआ करता था।

*(साभार-dw.com/hi)*



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

इस दिन भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बहुत ही धूमधाम के साथ निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ की यह यात्रा के वर्ष में एक बार भगवान जगन्नाथ को उनके गर्भ गृह से बाहर निकालकर यात्रा कराई जाती है। उनके साथ भगवान कृष्ण और उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा भी रथ में बैठकर यात्रा करते हैं। यह रथयात्रा का यह उत्सव पूरे 9 दिनों तक बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यतानुसार इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपनी गर्भ गृह से बाहर आकर पजा के सुख दुख हो स्वयं देखते हैं।

# भगवान जगन्नाथ की उल्टी घुरती रथयात्रा

उड़ीसा राज्य के पुरी शहर में समुद्र तट पर अवस्थित भारत के चार धामों में से एक जगन्नाथ धाम में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित जगन्नाथ मंदिर है, जहां भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र (बलराम) और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। शंख के आकर का होने के कारण जगन्नाथ पुरी को शंख क्षेत्र और पुरुषोत्तमपुरी भी कहा जाता है। यह जगन्नाथ मंदिर 214 फुट ऊँचा, 20 फुट ऊँची दीवारों से घिरा और चार लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। कलिंग शैली में बने इस मंदिर के शिखर पर अष्ट धातुओं से निर्मित सुदर्शन चक्र (नील चक्र) है। हैरतअंगेज बात यह है कि किसी भी वस्तु, मनुष्य, पशु, पक्षी, पेड़-पौधे की परछाई बनती है, परन्तु जगन्नाथ मंदिर के शिखर की छाया दिखाई नहीं देती है। मंदिर के चारों दिशाओं में चार द्वार बने हुए है। पूर्व दिशा में अवस्थित सिंह द्वार से आम लोग को प्रवेश दिया जाता है। दक्षिण दिशा में स्थित अश्व द्वार से विशेष श्रेणी के महत्वपूर्ण लोग अर्थात वी आई पी पर्सन प्रवेश करते हैं। पश्चिम दिशा के हाथी द्वार से पुजारी पंडित प्रवेश करते हैं। और उत्तर दिशा के व्याघ्र द्वार से विकलांग , बीमार व्यक्ति प्रवेश करते हैं। जगन्नाथ पुरी की विश्व की सबसे बड़ी रसोई अत्यंत प्रसिद्ध है, जहां प्रतिदिन 25000 और रथ यात्रा उत्सव के दिनों में एक लाख लोगों के लिए भोजन बनता है।

पुरी अपनी पारंपरिक कला, संस्कृति, इतिहास, वास्तुकला, समुद्री शिल्प के अतिरिक्त मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। पुरी में प्रति वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भव्यक रथयात्रा निकली जाती है। जिसमें भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा की काष्ठ से निर्मित भव्य प्रतिमाओं को लकड़ी के बने रथ में बिठाकर नगर का भ्रमण करवाया जाता हैं। भगवान जगन्नाथ की आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को निकलने वाली इस रथयात्रा को



### 28 जून- जगन्नाथपुरी की उल्टी रथयात्रा पर

चलती रथयात्रा कहा जाता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की रथयात्रा मूल मन्दिर से निकलकर गुण्डिचा गढ़ी तक जाती है। गुण्डिचा गढ़ी को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना जाता है, जिसमें वे आठ दिनों तक रहते हैं। फिर नौवें दिन आषाढ़ शुक्ल एकादशी को गुण्डिचा गढ़ी से भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ वापस रथ के द्वारा अपने मूल मन्दिर लौट आते हैं। इस वापस अपने मूल मन्दिर आने की उल्टी रथयात्रा को घुरती रथयात्रा अथवा बहुरा (बहुड़ा) रथयात्रा कहा जाता है। इस वर्ष हरि शयनी एकादशी पर निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की यह उल्टी रथयात्रा 28 जून 2023 को जगनाथ पुरी में निकाली जाएगी।

आषाढ़ मास की द्वितीय तिथि और एकादशी के दिन क्रमशः भगवान जगन्नाथ की चलती व घूरती रथयात्रा का उत्सव उड़ीसा सहित देश- विदेश के कई भागों में बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। परन्तु उड़ीसा राज्य के पुरी शहर की रथयात्रा सबसे अधिक प्रसिद्ध है। इस दिन भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बहुत ही धूमधाम के साथ निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ की यह यात्रा के वर्ष में एक बार भगवान जगन्नाथ को उनके गर्भ गृह से बाहर निकालकर यात्रा कराई जाती है। उनके साथ भगवान कृष्ण और उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा भी रथ में बैठकर यात्रा करते हैं। यह रथयात्रा का यह उत्सव पूरे 9 दिनों तक बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यतानुसार इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपनी गर्भ गृह से बाहर आकर प्रजा के सुख दुख हो स्वयं देखते हैं।

पुराणों में जगन्नाथपुरी को धरती का बैकुंठ कहा गया है। ब्रह्म व स्कंद पुराण के अनुसार पुरी में भगवान विष्णु ने नीलमाधव का रूप धारण कर सबर जनजाति के देवता बन गए थे। सबर जनजाति के देवता होने के कारण ही यहां पर भगवान जगन्नाथ का रूप कबीलाई देवताओं की भांति नजर आता है। उड़ीसा के पुरी में अवस्थित जगन्नाथ मंदिर भारत देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। यह भारत में हिन्दू धर्म के चार धामों में से एक है। पुरी में कई मठ हैं।

पुरी के प्रसिद्ध मठों में से एक गोवर्धन मठ का निर्माण भगवान शिव के अवतार शंकराचार्य ने 9 वी शताब्दी में किया था। गोवर्धन मठ के कारण ही पुरी को चार पवित्र धामों में से एक धाम की मान्यता मिली है। शंकराचार्य ने संन्यासियों के विभिन्न समूहों को एकजुट करने के लिए 4 मठों अर्थात चार धाम, गोवर्धन मठ, श्रृंगेरी में श्रृंगेरी मठ, द्वारका में शारदा मठ और बद्रीनाथ में ज्योति मठ स्थापित किये थे, जिनमे में से गोवर्धन मठ एक है। जगन्नाथ बल्लव मठ 16 वीं शताब्दी में उड़ीसा राज्य के सबसे प्रसिद्ध संतों में से एक रामानंद जी को समर्पित है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रीकृष्ण के देह त्यागने के बाद जब उनका अंतिम संस्कार किया गया तो उनका पूरा शरीर पंचत्व में विलीन हो गया, लेकिन हृदय धड़कता रहा। मान्यता है कि आज भी पुरी के जगन्नाथ मंदिर के जगन्नाथ की मूर्ति में श्रीकृष्ण का दिल सुरक्षित है। यह हृदय आज भी जगन्नाथ की मूर्ति में धड़कता है। भगवान के इस हृदय अंश को ब्रह्म पदार्थ कहा जाता है।

यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालने के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और सुभद्रा के लिए अलग अलग रथ बनाए जाते हैं। रथ यात्रा में सबसे आगे श्रीकृष्ण के भाई बलराम जी का रथ रहता है। उसके बाद श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा और उनके पीछे भगवान जगन्नाथ का रथ चलता है। इन रथों को उनकी ऊंचाई और रंग के द्वारा पहचाना जाता है। बलभद्र को महादेव का प्रतीक माना गया है। रथ का नाम तालध्वज है। रथ के रक्षक वासुदेव और सारथी मताली होते हैं। 13.2 मीटर ऊंचा और 14 पहियों का ये रथ लाल, हरे रंग का होता है। सुभद्रा के रथ पर देवी दुर्गा का प्रतीक होता है। देवी सुभद्रा के रथ का नाम देवदलन है। लाल और काले रंग का ये रथ 12.9 मीटर ऊंचा होता है। रथ के रक्षक जयदुर्गा व सारथी अर्जुन होते हैं। इसे खींचने वाली रस्सी को स्वर्णचुड़ा कहते हैं। जगन्नाथ का रथ 832 काष्ठ टुकड़ों से निर्मित 13 मीटर ऊँची 16 पहियों की होती है। इसका रंग लाल और पीला होता है। गरुड़ध्वज, कपिध्वज, नंदीघोष ये जगन्नाथके रथ के नाम हैं। रथ की ध्वजा त्रिलोक्यवाहिनी कहलाती है। रथ को शंखचूड नामक रस्सी से खींचा जाता है।भगवान जगन्नाथ रथ के रक्षक भगवान विष्णु के वाहन पक्षीराज गरुड़ हैं। मान्यता है कि सच्चे भाव से इस रथयात्रा में शामिल होने वाले लोगों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है, उनके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मान्यता है कि इस रथयात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण करते है। इस दौरान तीनों की शानदार प्रतिमाओं के साथ नगर भ्रमण होता है। तीनों अपनी मौसी के घर गुण्डिचा मंदिर जाते है। तीनों ही एक सप्ताह तक गुंडिचा मंदिर में रुकते है, जहां उनका आदर सत्कार होता है। इसके बाद भगवान बीमार हो जाते है, और भगवान के उपचार के लिए उन्हें पथ्य का भोग लगाया जाता है और स्वस्थ होने के बाद ही भगवान दर्शन देते है। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा पुनः वापस अपने मूल जगन्नाथ मंदिर लौटती है। इस रथ यात्रा से 15 दिन पूर्व ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की मूर्तियों को गृर्भग्रह से बाहर लाया जाता है, और पूर्णिमा स्नान के बाद 15 दिन के लिए वे एकांतवास में चले जाते हैं। मान्यता है कि पूर्णिमा स्नान में ज्यादा पानी से नहाने के कारण भगवान बीमार हो जाते हैं। इसलिए वे 15 दिनों के लिए एकांत में रहते हैं। और भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस दौरान उनका उपचार किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा का भारतीय संस्कृति में अत्यधिक महत्व है। भगवान के रथ को खींचने वाले के सभी दुःख, दर्द और कष्ट समाप्त होने और सौ यज्ञ करने के समान पुण्य की प्राप्ति होने की मान्यता होने के कारण इस यात्रा में देश-विदेश से लाखों लोग शामिल होते हैं।

# जनपरिषद चेप्टर के शपथ ग्रहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाएं हुई सम्मानित






**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। ज्ञानचंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के ऑडिटोरियम में आयोजित जन परिषद चैप्टर दमोह का शपथ ग्रहण,प्रतिभा सम्मान एवं नृत्य संगीत समारोह जन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आई.पी.एस., डीजीपी श्री एन.के त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्यि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत सिंह चौहान की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.के.पी अहिरवार,सागर के पूर्व विधायक एवं आचरण समाचार पत्र के संपादक सुनील जैन,जन परिषद के संभागीय अध्यक्ष एडवोकेट अंकलेश्वर दुबे,जगजीत वाधवा,भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन के विशेष आतिथ्यि में संपन्न हुआ रहे कार्यक्रम मैं पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत सुधीर विद्यार्थी,अभिषेक सिंघई,लक्ष्मीकांत तिवारी,मनोज जैन,रूपचंद जैन,सी.ई.ओ. सौरभ विद्यार्थी,लखन व्यास,राजीव ठाकुर एडवोकेट,अनुनय श्रीवास्तव एडवोकेट,डॉ.जे.के.जैन,पंकज खरे, अकरम खान,संजय जैन ,राजेश जैन कुबेर पथरिया,महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गौतम,छाया साहू आदि के साथ जन परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया मंचासीन सभी अतिथियों का परिचय जन परिषद चैप्टर दमोह के अध्यक्ष सुधीर विद्यार्थी ने देते हुये आगामी समय में होने वाले जन परिषद के जन सेवी कार्यो में सभी से सहयोग हेतु अपील की । मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एन.के.त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में नव निर्वाचित सभी सदस्यों को शुभकामनायें देते हुये समाज के उत्थान में कार्य करने की अपील की ।आचरण के संपादक सुनील जैन एवं अन्नी दुबे ने अपने उद्बोधन जन परिषद चेप्टर के सभी समाज सेवी कार्यो में हमेशा सहयोग करने की बात की। सुश्री काव्या मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इस आयोजन के प्रथम चरण में जन परिषद के नवनिर्वाचित जिला,नगर, ग्रामीण,महिला समिति के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एन.के.त्रिपाठी जी के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये । इसी के साथ सभी पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सामाजिक जनसेवी कार्यो के लिए शपथ दिलवाई गई दूसरे चरण में जिले की प्रमुख प्रतिभाओं में अतिथि डॉ.एन.के.त्रिपाठी,डॉ. विक्रांत सिंह चौहान,डॉ.के.पी.अहिरवाल,सुनील जैन,अन्नी दुबे, अनिल आठिया,सुधीर सिंघई,रूपचंद जैन सी.ई.ओ.रूपचंद चौधरी,डॉ.किरण आठिया,दिनेश गोस्वामी,प्रकाश विश्वकर्मा,हरि बाबा,राजेश कुबेर,संजय कुबेर,डॉ.सुदेश जैन,शिवाजी गौ?,मनोज चौधरी,शिवानी चौरसिया, योगेश पटैल, प्रीति गौतम आदि का शाल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जन परिषद चेप्टर के कार्यो पर प्रकाश डाला तथा दमोह चेप्टर से आगामी समय में जनहित में कार्य करने की अपेक्षा कर सभी सदस्यों को शुभकामनाऐं देते हुये कार्यक्रम की सराहना की ।तत्पश्चात् कार्यक्रम के अगले चरण में सागर से आई उमेश नामदेव की टीम ने बधाई एवं नौरता तथा बुंदेली गायन की प्रस्तुति दी इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी कार्यक्रम का सफल संचालन जनपरिषद के कार्याध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी एवं परिषद के महासचिव एडवोकेट अभिषेक सिंघई ने किया।

# मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस सरकार–गजानंद तिवारी

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी का दमोह नगर में प्रथम बार आगमन हुआ हटा नाके पर सेवादल के साथियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया इसके उपरांत जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित यंग ब्रिगेड की बैठक को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सेवादल की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी जिसमें यह प्रत्येक बूथ पर 5-5 कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करें अपना बूथ सबसे मजबूत की शैली पर कार्य करते हुए दमोह विधानसभा की चारों सीटों पर विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी इसके उपरांत प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी ने कहा कि माननीय कमलनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना सुनिश्चित है कांग्रेस की महत्वपूर्ण योजनाएं प्रदेश की जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी उन्होंने नारी सम्मान योजना बिजली बिल में सुधार एवं कर्जमाफी ?500 में गैस सिलेंडर आदि जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए शीघ्र ही दमोह में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विधायक ने स्वीकृति देते हुए कहा कि शीघ्र ही दमोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उन्होंने जिले में कार्य कर रही सेवादल यंग बिग्रेड की टीम को बधाई दी कार्यक्रम का सफल संचालन भूपेंद्र आजमानी ने किया एवं सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष संदीप बरदिया ने समस्त आए हुए सेवादल यंग ब्रिगेड एवं सेवादल के साथियों का परिचय कराया सेवादल के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत ने श्री तिवारी को आश्वस्त करते हुए कहा यंग ब्रिगेड की टीम बहुत ही अच्छा परफॉर्मेंस करते हुए सेवादल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है इस अवसर पर शहर अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा, संभागीय प्रवक्ता निधि श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवानदास चौधरी, अजय सरवरिया, ब्रजेश पटेल, राजा रौतेला, पवन गुप्ता, हेमंत पांडे, अमर सिंह राजपूत, निशांत जैन एवं ब?ी संख्या में सेवादल साथियों की उपस्थिति रही।

# वृद्धाश्रम दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह**।म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के निर्देश एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिक के अधिकारों के संबंध में स्थानीय वृद्धा आश्रम दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश दमोह डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय एवं प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी, वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश दमोह डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय ने समस्त वृद्धजन को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में बताया। उन्होंने कहा यदि वृद्धावस्था में एक वरिष्ठ नागरिक अपनी सम्पत्ति अपने किसी बच्चे को इस शर्त के साथ उपहार या हस्तांतरित कर सकता है कि बच्चा उन्हें बुनियादी सुविधायें या शारीरिक जरूरते प्रदान करेगा। यदि उनका बच्चा ऐसा करने में विफल रहता है तो वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के तहत स्थापित एक रखरखाव ट्रिब्यूनल से संपर्क करने का अधिकार है ताकि उपहार या हस्तानांतरण को



धोखाधडी, जबरजस्ती या अनुचित प्रभाव में किये जाने के कारण अमान्य घोषित किया जा सके। साथ ही ऐसी परिस्थितियों से निपटने के दौरान अदालतों का रूख बुजुर्गो के प्रति सकारात्मक रहता है। उपस्थित सभी वृद्धजन से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा मिलजुल कर रहने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजन की समस्याओं सुनी गई व उन्हें उचित विधिक सलाह प्रदान की गई साथ ही वृद्धजन को फलों का जूस वितरित किया गया।

# राज्य शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय प्रवक्ता बने जनक सिंह रावत

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** – कर्मचारियों की समस्याओं के लिए लगातार संघर्ष करने वाले प्रदेश एवं देश में पुरानी पेंशन के लिए संघर्षशील अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देश के 200 विभागों के राष्ट्रीय फेडरेशन नेशनल ज्वाइंट काउंसलिंग फॉर एक्शन (एन. जे.सी.ए.) मै मध्यप्रदेश की ओर से राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य जनक सिंह रावत को राज्य शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है यह नियुक्ति राज्य शिक्षक कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष राजीव पाठक की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राकेश नायक जी द्वारा की गई है प्रदेश



अध्यक्ष द्वारा उम्मीद की गई है जनक सिंह रावत कर्मचारी हित में मध्य प्रदेश राज्य शिक्षक कांग्रेस मैं कर्मचारियों,अधिकारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष करेंगे उनकी आवाज को उठाएंगे ऐसी संगठन को अपेक्षा है जनक सिंह रावत के प्रदेश प्रवक्ता बनने पर कर्मचारियों द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई है बधाई देने वालों में अमरदीप श्रीवास्तव राकेश खरे विनय सिंह रावत सुल्तान आदिवासी गिर्राज शुक्ला बालूराम रावत राजेश सोनी रेणु शर्मा मनोरमा सरैया राम गोपाल ओझा मनोज शर्मा सुरेश रावत कैलाश चंद वर्मा रामजीलाल कदम महावीर मुद्गल हेमंत यादव वीरेंद्र रावत गिर्राज रावत अजय पाठक सुरेश यादव अशोक त्यागी रामनरेश त्यागी रामनरेश दंडोतिया अनूप रावत दिलीप जाटव सलीम खान महेश राजपूत रमेश वर्मा सहित अनेकों कर्मचारियों द्वारा बधाई दी गई है

# कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 कृषकों ने लिया मिलेट फसलों का प्रशिक्षण




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में म.प्र. राज्य मिलेट मिशन योजना वर्ष 2023-24 अंतर्गत गतदिवस प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी में जिले के अंदर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 25 कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम उपसंचालक कृषि यू.एस.तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरसमां शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत राठौर, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जे. सी. गुप्ता, कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी के सहायक संचालक कृषि एल.एन. चौरसिया तथा राखासुमि के जिला परामर्शदाता सर्वेश कुमार शर्मा द्वारा कृषकों को मिलेट फसलों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मिलेट फसल उत्पादन उपरांत प्राप्त उत्पाद से कैसे अधिक आय प्राप्त की जाये इस बारे में उत्पाद से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे आटा, विस्किट, खिचडी, दलिया, लड्डू आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया। डॉ. पुनीत राठौर द्वारा मिलेट फसलों के पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित कृषकों दी। सहायक संचालक कृषि एल.एन. चौरसिया द्वारा बाजरा फसल की उत्पादन तकनीक के अतिरिक्त नवीन उन्नत किस्मों की जानकारी के बारे में कृषकों को बताया गया।

# इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन शिवपुरी की कार्यकारिणी का विस्तार। श्रीमती प्रभा शर्मा महिला बिंग की अध्यक्ष, तरुण शर्मा बने यूथ विंग के अध्यक्ष तथा सोनू गुप्ता बने यूथ विंग के महासचिव।

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

*__शिवपुरी__-इंडियन वेटरन्स आर्गेनाईजेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगिंदर सिंह जी सेंगर के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के अध्यक्ष श्री रामपाल सिंह गौर की सहमति से शिवपुरी जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने श्रीमती प्रभा शर्मा को महिला विंग का जिला अध्यक्ष , श्री तरूण शर्मा को इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन यूथ विंग का जिला अध्यक्ष तथा श्री सोनू गुप्ता को यूथ विंग का जिला महा सचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ,उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव ,उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, महिला विंग उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पनवार , श्रीमती रानी मिश्रा ,श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी ,कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार राठौर ,शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजावत, कैलाश सिंह जादौन ,वेटरन त्रिलोकीनाथ*



तरुण शर्मा



प्रभा शर्मा

*कोऑर्डिनेटर विशाल जोशी वेटरन बट ,वेटरन प्रवीण गुप्ता, वेटरन रामदास आर्य, वेटरन भवानी प्रसाद कुलश्रेष्ठ वेटरन वसंत सिंह जादौन, वेटरन केदार सिंह परमार तहसील पिछोर उपाध्यक्ष वेटरन राम प्रकाश केवट ,वेटरन गजेंद्र सिंह परमार, वेटरन ताज भान सिंह परमार ,सत्येंद्र कुमार शर्मा ,योगेंद्र कुमार शर्मा, वेटरन मंसूर अहमद , वेटरन मकसूद अहमद, ने शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि आप सभी संगठन में वीर नारियों ,विधवाओं, बच्चों एवं फौजियों के परिवारों के लिए हर संभव सहायता करने का प्रयास करेंगे ।हमें आशा है कि आपके मार्गदर्शन में हमारा संगठन और मजबूत होगा और आर्मी ,एयरफोर्स एवं नेवी के भूतपूर्व सैनिकों तथा केंद्रीय बलों के परिवारों के लिए कल्याणकारी कार्य करने में सहायक बनेंगे ।हमारी तरफ से आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।*

# जैविक खेती से विजय कुशवाह बने खुशहाल किसान

***रामस्वरूप रजक***
***पुष्पजलि टुडे***



*शिवपुरी, जैविक खेती किसानों के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिवपुरी जिले के कृषक विजय सिंह कुशवाह को भी जैविक खेती करने से अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे है। नगर परिषद मगरौनी वार्ड क्रमांक 11 मायारामपुरा निवासी विजय सिंह कुशवाह ने बताया कि वे लगभग तीन वर्षों से जैविक खेती कर रहे है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं शासन की योजनाओं के माध्यम से हमें ट्रैक्टर में सब्सिडी मिली। वर्मी कम्पोस्ट बनवाया गया। इसके साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी हमें समय-समय पर प्राप्त हुआ है। आज हम वर्तमान में जो जैविक खेती कर रहे है उसको करने के लिए किसान के पास पशु का होना बहुत आवश्यक है। इसमें गाय का गोबर, गाय का मूत्र, गुण, मिट्टी और बेसन इन पांच चीजों को मिलाकर जीवामृत बनता है। जो जैविक खेती के लिए बहुत आवश्यक है। जैविक खेती के लिए कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा समय-समय प्रोत्साहित किया गया। इसके लिए हमें शासन द्वारा 10 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया। मध्यप्रदेश सरकार ने जिले के समस्त विकासखण्ड की प्रत्येक पंचायत में कृषि क्रांति रथ चलाया गया। इस रथ के माध्यम से भी लगभग 18 दिनों तक वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसका शासन द्वारा 500 रूपए प्रतिदिन के मान से मानदेय भी दिया गया। अपनी सफलता के लिए मैं मुख्यमंत्री एवं कृषि अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं और मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि और अच्छी योजनाएं किसानों के लिए वे लाते रहे।*

# तलाश अपहर्ता की लगातार जारी





**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,>** पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी के अपराध क्रमांक 328/ 23 धारा 363 आईपीसी में फरियादी घन्शू पुत्र भगवानदास अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लहर्रा थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट की उसकी पुत्री मुस्कान उम्र 17 वर्ष घर से दिनांक 26/6/ 23 को दिन में कहीं चली गई है जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है जिसकी हुलिया रंग गेहुंआ ,चेहरा गोल ,ऊंचाई करीब 4 फीट, कानों में फूल पहने व नाक में सोने की बाली पहने है। गले में ओम पहने है और बाएं हाथ पर चोंट का निशान है ।लाल रंग का सूट पहने है। कृपया अपहर्ता मुस्कान के संबंध में सूचना मिलने तत्काल पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी को सूचित करें ।

**एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी मोबाइल नंबर 9425335885**

# मृतक अंकित के पिता प्रेमनारायण कुशवाह को दी गयी 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता




गुना/ अनुविभागीय अधिकारी गुना श्री वीरेन्द्र सिंह बघेल द्वारा तेज आंधी तूफान के दौरान हुयी मृत्यु के प्रकरण में मृतक के वैद्य वारिसान को 4 लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं।तहसीलदार तहसील गुना नगर के प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 07 जून 2022 को तेज आंधी तूफान में एक लोहे की चादर श्री अंकित कुशवाह के सिर पर टकराने से मृत्यु हो गयी थी। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर नैसर्गिक विपत्तियों तूफान, भूकंप, बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भूस्खन के साथ-साथ आकाशीय बिजली गिरने अथवा आग खलियान या मकान में आग लगने के कारण मृत व?यक्ति के परिवार के निकटतम व्यक्ति/ वारिस को आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रावधान होने से मृतक अंकित के पिता राजू कुशवाह निवासी ईदगाहबाड़ी गुना को आर्थिक सहायता राशि 4 लाख रूपये की स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं।

# संदीप सोनी पुत्र अशोक सोनी को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त

गुना/ कलेक्टर श्री फ्रेंक नोबल ए0 द्वारा लोकशांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से आयुध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारी आरोपी संदीप सोनी पुत्र अशोक सोनी निवासी सदर बाजार गुना थाना कोतवाली जिला गुना को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति /1/34/2020 तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सगर के प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 16 दिसंबर 2022 को फरियादी इन्द्रबदन पुत्र स्व.श्री अम्बालाल पटेल उम्र 64 साल निवासी भगवती कॉलोनी गुना ने आरोपीगण संदीप सोनी एवं सिद्धार्थ सोनी पुत्रगण अशोक सोनी निवासी सदर बाजार गुना के द्वारा उनकी सदर बाजार स्थित दुकानों पर जबरदस्ती एवं बलपूर्वक अवैध रूप से कब्जा करने एवं तथा विरोध करने पर गोली मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की की गयी थी। जिस पर से उक्त दोनों आरोपीगण के विरूद्ध थाना कोतवाली गुना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के आरोपी संदीप सोनी पुत्र अशोक सोनी निवासी सदर बाजार गुना के द्वारा अपनी




लायसेंसी 32 बोर पिस्टल से फरियादी पक्ष को गोली मारने की धमकी दी गई थी। आरोपी संदीप सोनी अपनी लायसेंसी पिस्टल को उपयोग अवैध/ आपराधिक कार्य करने में कर रहा हैं एवं भविष्य में कोई भी गंभीर घटना को घटित कर सकता हैं। जिसके दृष्टिगत आरोपी संदीप सोनी पुत्र अशोक सोनी निवासी सदर बाजार गुना थाना कोतवाली जिला गुना को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति /1/34/2020 तत्काल प्रभाव से निरस्त की गयी है।

# शरण्य राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध विरोधी संगठन के प्रधान कार्य किया गया

आज दिनांक- 28/06/2023 ?ो प्रेस कांफ्रेंस रखा गया था,जिसका मुख्य मुदा समाज में जिस प्रकार महिला उत्पी?न एवं सामाजिक उत्पी?न हो रहा है, तथा जिस प्रकार पुलिस प्रशासन अपना कार्य इस दिशा में सही रूप से नहीं कर पा रही है,जिसके कारण,समाज में पुलिस के प्रति विश्वास खत्म होता जा रहा है,और साथ ही साथ यदि कोई संस्था यदि पुलिस के वरीय अधिकारी को फोन पर संपर्क कर सूचना भी देती है, तो फोन का कोई जवाब या फोन ही नहीं उठाया जाता



है,जो विल्कुल ठीक रवैया नहीं है, और इन्ही सब कारणों से समाज और पुलिस के बीच का संबंध और विश्वास खत्म होता जा रहा है,आज पुलिस को इस दिशा में सही सहयोग करना चाहिए,ताकि अच्छे संस्था द्वारा यदि समाज की समस्या हल हो रहा है तो वह पुलिस के प्रति विस्वास पैदा करता है, इसलिए आज यह आवश्यक है की कोई भी संस्था यदि पुलिस के सहयोग लेते हुए, सामाजिक बुराइयों ?तम करने का कार्य कर रहा है, तो ऐसे स्तिथि में पुलिस का कार्य आसान होता है, और न्याआलय पर भी बोझ कम पड़ता है,प्रेस कांफ्रेंस का सम्बोधन -माननीय राष्ट अध्यक्ष श्री ईशान सिन्हा जी ने किया, वहीँ कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव - डॉ. अजय कुमार सिंह, महिला प्रकोष्ठ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष -श्री मति रेणु मीणा जी, महिला प्रकोष्ठ कि जिला सचिव -श्री मति रेखा-रानी जी, जिला - महासचिव -हंसल सिंह जी,जिला उपाध्यक्ष -अबधेश जी, मिडिया प्रभारी - रॉकी जी आदि उपस्थित थ

# भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण पर अज्ञात हमलावरों द्वारा चलाई गई गोली



सहारनपुर ।भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर रावण पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला कर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर इस हमले में घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार गोली उनके कमर छूकर निकल गई, फिलहाल पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए देवबंदी अस्पताल में भर्ती कराया है। हमला किसने और किस मकसद से किया यह पता नहीं चल सका है, जानकारी के अनुसार अब चंद्रशेखर की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बैंकों में लंबित स्वरोजगार के प्रकरण स्वीकृत और वितरित करायें - कलेक्टर

*रीवा ..... कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी बैंक शाखा प्रबंधक बैंकों में लंबित स्वरोजगार के प्रकरण स्वीकृत और वितरित करायें। आगामी 30 जून को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में इस वर्ष 2100 प्रकरणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में योजना की प्रगति बहुत कम है।*



*अग्रणी बैंक प्रबंधक लंबित प्रकरणों के निराकरण की नियमित मानीटरिंग करें। स्वरोजगार योजनाओं में प्रकरणों के निराकरण के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले बैंक मैनेजरों को सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी लक्ष्य के अनुरूप बैंकों में प्रकरण दर्ज करायें। शाखा प्रबंधक यदि कोई प्रकरण निरस्त करते हैं तो उसके कारण का उल्लेख करें। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के पंजाब नेशनल बैंक में लंबित 50 प्रकरण स्वीकृत करायें। स्वनिधि योजना से भी 300 से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इनका निराकरण करें। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं में 105 प्रकरणों के विरूद्ध केवल 20 प्रकरण अब तक दर्ज हुये हैं। लक्ष्य के अनुसार प्रकरणों में दर्ज करायें। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं में स्वीकृत एक करो? 33 लाख के सात प्रकरणों का वितरण करायें। जिला समन्वयक आजीविका मिशन महिला स्वसहायता समूहों के बैंक खाते प्राथमिकता से खुलवाकर 137 प्रकरणों में ऋण एवं अनुदान का वितरण करायें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ सोनवणे ने कहा कि पशुपालन विभाग और उद्यानिकी विभाग द्वारा दर्ज प्रकरण बैंकर्स आनलाइन दर्ज करें। नगर निगम के सभागार में 30 जून दोपहर 12 बजे से रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान का वितरण करायें। बैठक में प्रभारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी दी। अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके निगम ने कहा कि बैंक शाखा प्रबंधक मुद्रा योजना के हितग्राहियों को उद्यम क्रांति योजना से जो? देंगे तो उन्हें दोहरा लाभ मिलेगा। बैठक में बैंक शाखा प्रबंधक तथा सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

# प्रहलाद भारती ने धौलागढ् एवं सेवढा में बांटी निशुल्क पुस्तकें

पोहरी। पोहरी विधानसभा क्षेत्र के धौलागढ एवं सेवढा के शासकीय हायर सेकेण्डुरी स्कूल में कक्षा 09 से 12 तक के छात्र छात्राओं को निशुल्की पाठ्य पुस्कों का वितरण किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तपक निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा एवं पोहरी के पूर्व विधायक प्रहलाद भारती उपस्थित रहे। धौलागढ् हायर सेकेण्डरी स्कूल में सर्वप्रथम भारती जी द्वारा मॉ सरस्वती जी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वाती वंदना का गायन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को निशुल्क पुस्?तकें वितरित की गयी। छात्रा कु. जली यादव द्वारा राष्ट भक्ति गीत की प्रस्?तुती दी गयी। इस वर्ष कक्षा 12 में 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली छात्रा कु. चंद्रिका पाराशर एवं श्री अंशुल शर्मा एवं कक्षा 10 के छात्र लवकुश शर्मा एवं पुष्प्रेन्द्र धाकड को सम्मानित किया। सेवढा हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 12 वी की छात्रा कु. मोनिका तोमर दिव्यांश धाकड, सुमित प्रजापति, कु. राधिका तोमर, दोनों स्कूलों में लगभग एक सैकडा छात्र.छात्राओं को निशुल्क पुस्?तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुस्तक उपलब्ध हो भाजपा सरकार का यही प्रयास है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री पिठ्ठू मोंगियाए वरिष्ठ




सौरभ धाकड, कक्षा 10 वी के छात्र श्री पुष्पे?द्र धाकड, प्रदीप आदिवासी, राज धाकड, अर्जुन आदिवासी, कक्षा 11 के छात्रा लवली शर्मा, गगन धाकड सहित पर भारती ने कहा कि म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम की सभी पुस्तकें केन्द्रीय विघालयों में पढाई जाने वाली एनसीईआरटी की पुस्तकें एक समान ही है। सभी छात्रों को समय भाजपा नेता डॉ. मंगल सिंह धाकड बल्ली चौधरी, सुभाषपुरा के पूर्व सरपंच सीताराम धाकड सहित स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, अन्य स्टॉभ सहित छात्र छात्राऐं उपस्थित रहें।

# संसार का सबसे बड़ा कब्रिस्तान– मांसाहारियों का पेट, न जाने कितने जीव हो गये दफन

*फिर मेरे साथ बुरा क्यों हो रहा है, ऐसे मनुष्य को सरल शब्दों में समझा-बता कर पाप और उसकी सजा से बचाने वाले इस*



*खाती हैं। और जब आदमी मुर्गी, बकरा, भैसा, गाय, सुअर को खाता है तो बीमारियों का आना स्वाभाविक है। मछली*

*क्या है? माताएं जब मासिक धर्म होती हैं, खराब खून जब इकट्ठा हो जाता है तो बच्चा बन जाता है। मुर्गियों का खराब खून और उनके टट्टी-पेशाब का खराब हिस्सा जिसको मल-मूत्र कहते हो, जब इकट्ठा हो जाता है तो वही अंडा बन जाता है। बहुत गंदी चीज है। बाहर से देखने में तो चिकना, सुंदर लगता है लेकिन अंदर का माल गंदा होता है। कितना भी डॉक्टर टर्र-टर्र करता रहे, अंडा बच्चों को मत खिलाना और न आप लोग खाना। बड़े-बड़े डॉक्टर फेल हो रहे हैं। डॉक्टरों को भी बीमारी हो रही है। सन्त-महात्माओं की बात को जब लोग नहीं मानते हैं तो फिर लोगों को भोगना ही पड़ता है। जान करके आप गलती मत करो।*

*तिलभर मच्छी खाई के, कोटि गऊ करै दान।*
*काशी करवट ले मरे, निश्चय नर्क निदान।।*

*आदमी खाएगा तो बताओ स्वस्थ रहेगा? नहीं रह सकता है तो बीमारियों का हमला होना ही होना है। जीव हत्या करने वाले को बहुत बड़ा पाप लगता है। पाप से बचना चाहिए। अपना शरीर शुद्ध रखो। इसके अंदर बीमारी न आवे। मन-चित सही रहे। इसलिए इन गंदी चीजों को मत खाना।*

*शराब, आंखों से मां-बहन-बेटी की पहचान कर देती है खत्म*

*शराब में एक हजार बुराईयां है। शराब जो पीता है, वह मांस खाता है, व्यभिचार करता है, खून-कत्ल भी करता है, बाल-बच्चों को भी मारता है, होश-हवास को गवां देता है, जमीन-जायदाद को बेच देता है, वादाखिलाफी और भी न जाने क्या-क्या बुरा कर्म करता है। एक हजार बुराईयों वाली शराब को नहीं पीना चाहिए। इससे बचो और लोगों को भी बचाओ।*

## सफलता की कहानी,खुशियों की दास्तां

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से किया अपना करोबार प्रारंभ,दो लोगों को दिया रोजगार,



गुना/ अमित बनावडे गुना का निवासी हूॅ। मैं गुना में रहकर प्राईवेट नौकरी करता था, जिससे मैं अपने परिवार का गुजारा प्राईवेट नौकरी से अच्छी तरह नही हो पा रहा था। मेरे मन में स्वयं का कार्य कारने की इच्छा थी, और मैनें प्राइवेट जॉब को छोडकर डी.टी.एच. रिसीवर के पार्टस मंगाकर उन्हे यहॉ असेबेम्वल कर बेचने की इकाई डालने का निश्चय किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गुना से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मैनें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में ऋण हेतु आनलाईन आवेदन भरा और उद्योग विभाग गुना में जमा करा दिया। उद्योग विभाग द्वारा मेरा आवेदन पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक गुना शाखा द्वारा 10 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया। मैंने इतनी ही पूंजी स्वयं के स्त्रोत से भी लगाई और मैनें अपना कारोबार का प्रारंभ किया। मेरे व्यवसाय से में दो व्यक्तियों को राजगार भी प्रदान किया है। अब मैं स्वयं मालिक बनकर अपने कार्य का सही ढंग से संचालन कर बैंक की किश्त भी समय पर अदा कर रहा हूं। इस योजना के लिए में शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद देता हूॅ।

# पारस को लेकर भावुक हुईं आकांक्षा



बिग बॉस ओटीटी 2' के हालिया एपिसोड में कंटेंस्टेंट आकांक्षा पुरी ने द हदीद को बताया कि वह रिलेशनशिप में ाने से क्यों डरती हैं। 'वीकेंड का वार' एपिसोड दौरान शो के होस्ट सलमान खान ने अविनाश चदेव के साथ बातचीत में जेद के खिलाफ ठी कहानियां गढ़ने के लिए आकांक्षा की ालोचना की, कि कैसे वह जेद के टच से सहज हो जाती हैं। इसके बाद जेद ने आकांक्षा ी से दूरी बनानी शुरू कर दी। हालांकि, ाकांक्षा को जेद के साथ बातचीत करते हुए खा गया और गलतफहमियां को दूर करने की ोशिश की। उन्होंने पारस छाबड़ा के साथ पने पिछले रिश्ते के बारे में बात की और ताया कि कैसे वह उनके साथ अपने खराब क्सपीरियंस के चलते रिलेशनशिप में आने से रने लगी हैं। उन्होंने कहा, मैंने आपको बताया ा कि इस शो में मेरा एक अतीत था। मैं टिंसिपेट नहीं किया था, कोई और था जिसके ाथ मैं उस समय थी और हम कभी अलग नहीं ए। जब वह शो में आया तो पहले दिन से ही से कोई पसंद आने लगा, हमने कभी इसे बंद हीं किया।

लेकिन कुछ ऐसी बातें थीं, जो उन्होंने मुझे ीचा दिखाने के लिए, मेरा अनादर करने के लिए ही थी और बहुत सी ऐसी बातें थीं जो उन्होंने शनल टेलीविजन पर कही थीं जो वास्तव में च्छी नहीं थी। उस दिन के बाद से आज तक किसी रिलेशनशिप में नहीं रही क्योंकि मुझे ससे डर लगता है। 'बिग बॉस ओटीटी' ीजन 2 जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा।

# फैन के प्यार को देख इमोशनल हुईं तमन्ना



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपने एक फैन के प्यार को देखकर इमोशनल हो गयी। तमन्ना भाटिया को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लिए एक फैन का प्यार देख बेहद इमोशनल हो गईं। जैसे ही तमन्ना एयरपोर्ट पर पहुंची, तो उन्हें देखने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ आई। इस दौरान उनकी एक फीमेल फैन ने उन्हें तोहफे और फ्लावर्स दिए। फैन ने तमन्ना के पैर छुए और फिर अपने हाथ पर बना टैटू भी दिखाया। टैटू पर तमन्ना का चेहरा बना था। फैन के दिल में अपने लिए इतनी इज्जत और प्यार देख तमन्ना भाटिया बेहद इमोशनल हो गईं। उन्होंने अपनी इस फीमेल फैन को प्यार से समझाया और गले लगा लिया।

# कैटरीना ने वेकेशन की तस्वीर शेयर की



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपने पति विक्की कौशल के साथ न्यूयॉर्क वेकेशन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल इन दिनों काम से ब्रेक लेकर न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रहे हैं। दोनों न्यूयॉर्क के एक रेस्टोरेंट के अंदर टाइम स्पेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की- कटरीना के साथ उनके कुछ दोस्त भी दिखाई दे रहे हैं। फोटो में कैटरीना व्हाइट और ब्लू कलर की फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट को लोग बेहद पसंद कर रहे है।



# ऋतिक रोशन और वाणी यूके में स्टेज पर मचाएंगे धमाल

एक्टर ऋतिक रोशन और वाणी कपूर, जिन्होंने 'वॉर' के गा 'घुंघरू' में डांस मूव्स से तहलका मचाया, अब अपने यूके टू 'स्टार्स ऑन फायर' में डांस स्टेज पर आग लगाएंगे। पहला यूके टू 'स्टार्स ऑन फायर' लंदन और लीड्स में होगा। यह 1 सितंबर क लंदन के ओवीओ एरिना में और 2 सितंबर को लीड्स के फस डायरेक्ट एरिना में होगा।

वाणी ने कहा, ऋतिक रोशन के साथ स्टेज शेयर करना स्पेशल मोमेंट है। वह बेहद टैलेंटेड हैं और मैं उनके साथ स्टेज पर डां करने का मौका मिलने से बेहद खुश हूं।

ऋतिक न केवल एक असाधारण कलाकार हैं बल्कि एक प्रेरण भी हैं। मैं मोमेंट्स बनाने और अपने फैंस को एक रोमांचक अनुभ देने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा, मुझे अपन फिल्मोग्राफी में सुपरहिट गाने पाने का सौभाग्य मिला है, चाहे व गुलाबी, नशे सी चढ़ गई, या घुंघरू हो। इंडियन सॉन्ग और डां दुनिया भर में मशहूर है और इसके बहुत बड़े फैंस हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, वाणी मैडॉक फिल्म्स की अपकमिं फिल्म 'सर्वगुण संपन्न' में प्रमुख महिला के रूप में दर्शकों को लुभा के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके अलावा, वह वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की स्ट्रीमिंग सीरीज़ 'मंडला मर्डर्स' में मुख्य भूमिक निभाएंगी, जो एक क्राइम थ्रिलर है, जो प्रशंसित गोपी पुथरन द्वा निर्मित और निर्देशित है, जो 'मर्दानी 2' में अपने काम के लिए जा जाते हैं।

विचार पेज का शेष

# पटना में विपक्ष की बैठक और मोदी

दोनों सदनों के ढाई सौ से अधिक सदस्यों ने समारोह का इसलिए बहिष्कार किया था कि ए संसद भवन का उदघाटन देश की सर्वोच्च संवैधानिक सत्ता महामहिम राष्ट्रपति के कर-कमलों से नहीं करवाया गया। वे ही सांसद अब सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए ताब हैं।

प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व की यह विशेषता है कि जब वे ताकतवर होते हैं उनका गर्व उनकी ाल-ढाल और वाणी से व्यक्त होने लगता है। उनके कहे की गूंज सन्नाटों को चीरती हुई चारों शाओं में सुनाई पड़ने लगती है। मीडिया के चारण सीने को 56 से 156 इंच का बना देते हैं। धानमंत्री जब कमजोर होते हैं अपनी कमजोरी को प्रत्यक्ष तौर पर प्रकट नहीं होने देते पर स पर पूरी तरह से आवरण भी नहीं डाल पाते! ( कुछ लोग पूछते हैं कि अमेरिका में उदबोधन े दौरान तमाम तकनीकी सुविधाएँ, जैसे टेलिप्रोम्प्टर आदि, मौजूद होने के बावजूद कुछ ंग्रेजी शब्दों के उच्चारण में मोदी ऐसी त्रुटियाँ कैसे कर बैठे जबकि ऐसा होने के कोई पूर्व दाहरण मौजूद नहीं हैं? क्या प्रधानमंत्री का ध्यान वहाँ पटना भटका रहा था? )

दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के लगभग बीस करोड़ सदस्यों े हित में प्रधानमंत्री को स्वीकार कर लेना चाहिए कि अपने व्यक्तित्व का जो तिलिस्म उन्होंने 014 में खड़ा किया था वह अब दरकने लगा है। उनका आरोपित चमत्कार अब काम नहीं



र पा रहा है। पार्टी में सैनिकों की संख्या बढ़ती जा रही है पर सेना कमजोर हो रही है। एक े बाद एक राज्य हाथ से फिसल रहे हैं। अन्य दलों से भर्ती रुक गई है, तपे-तपाए कार्यकर्ता ार्टी से पलायन कर रहे हैं। सब जानते हैं कि प्रधानमंत्री ऐसा कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे!

सिद्ध यह हो रहा है कि जिस चीज को अनुशासन निरूपित करते हुए अभी तक भगवा स्त्रों से ढका जा रहा था वह हकीकत में कोई अज्ञात 'डर' था जो अब भीतर और बाहर सभी गह टूट रहा है। खुलासा होने में 2024 के परिणामों की प्रतीक्षा करना पड़ेगी कि क्या वह सी 'डर' का सफल प्रयोग था जो पिछले दो दशकों से अधिक समय तक इतने चमत्कारिक रिणाम गुजरात और देश में देता रहा है?

बिहार की राजधानी से प्रकट हुई चुनौती इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि ममता और अखिलेश हित तमाम विपक्षी नेताओं ने पटना के लिए हवाई जहाज पर सवार होने से पहले अच्छे से मझ लिया था कि दिल्ली से टक्कर लेने के क्या परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं!इन नेताओं े दिलों से डर के समाप्त होने का मतलब यह भी निकाला जा सकता है कि वे अपने राज्यों ं निवास करने वाली करोड़ों की जनता की स्वीकृति साथ लेकर ही पटना पहुँचे थे।

जनता का दिल अब नए सिरे से जीतने के लिए प्रधानमंत्री को कोई नया ताबीज गढ़ना ड़ेगा, कोई नई आवाज ईजाद करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री को आश्चर्यचकित होना चाहिए कि नकी पार्टी द्वारा गढ़े गए 'पप्पू' ने यह चमत्कार कर दिखाया है। उसने जनता का दिल भी ीत लिया है और नई आवाज भी ईजाद कर ली है ! प्रधानमंत्री को इस काम के लिए देश ी पैदल यात्रा पर निकलना पड़ेगा पर ऐसा कर पाने के लिए उनके पास समय नहीं बचा) है !

बहुरंग

# प्रवाल रमन ने रणदीप हुडा को बताया अपना गुरू



लेखक और निर्देशक प्रवाल रमन ने अपकमिंग फिल्म 'सार्जेंट' के लिए एक्टर रणदीप हुडा के साथ कॉलेबोरेट किया है, जिसमें एक्टर आदिल हुसैन भी हैं। उन्होंने 'डरना जरूरी है' और 'मैं और चार्ल्स' में रणदीप हुडा के साथ काम किया है। निर्देशक से रणदीप के साथ दोबारा काम करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे लिए रणदीप सिर्फ एक अभिनेता नहीं बल्कि एक शिक्षक की तरह हैं। यह किरदार निभाना बहुत कठिन है और इसके लिए बेस्ट की जरूरत है। केवल रणदीप ही अपने जुनून और समर्पण को इस स्तर पर इस्तेमाल कर सकते थे। 'सार्जेंट' में सपना पब्बी और अरुण गोविल भी हैं। गोविल को 1987 की रामानंद सागर श्रृंखला 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका के लिए जाना जाता है। आदिल के साथ काम करने पर निर्देशक ने कहा,जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण और उनकी कला मेरे लिए एक सीखने वाला अनुभव है। उनका दृष्टिकोण किसी भी किरदार को सबसे वास्तविक बनाता है। अब तक, निर्देशक ने पांच स्क्रिप्ट्स लिखी हैं, दो फ़िल्मों का निर्देशन किया है, और वर्तमान में तीन और प्रोजेक्ट्स प्रोडक्शन के अधीन हैं। इंटरनेशनल को-प्रोडक्शन 'सार्जेंट' 30 जून को जियोसिनेमा पर रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

दिलचस्प

# जिशु बच्चों जैसी मौज-मस्ती करते हैं: कुब्रा सैत



एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने अपकमिंग काजोल स्टारर फिल्म 'द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा' में जिशु सेनगुप्ता और शीबा चड्ढा जैसे एक्टर्स के साथ काम करने के बारे में बात की है। कुब्रा ने अपने को-स्टार के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। जिशु सेनगुप्ता के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कुब्रा ने कहा, द ट्रायल की कास्ट वास्तव में अद्भुत हैं। मेरी शूटिंग के पहले दिन एक सीन शूट किया गया, जिसमें मेरे साथ जिशु थे। वह बहुत स्थिर, शांत, सुलझे हुए इंसान है। वह बच्चों जैसी मौज-मस्ती करते है, उनके साथ काम करना अद्भुत था।

शीबा चड्ढा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, शीबा चड्ढा शानदार एक्ट्रेस हैं। जब भी मेरा उनके साथ कोई सीन होता, मैं उनके साथ काम करती और कहती, हे भगवान, 'आपके चरण कहा हैं।' वह बहुत अच्छी एक्ट्रेस हैं, साथ ही शीबा और मैंने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को फॉलो किया हुआ हैं। हम हर दिन टच में रहते हैं। 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' 14 जुलाई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।



# सोनू सूद ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। सोनू सूद ने अपना एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह हिमांचल में पहाड़ों के बीच शर्टलेस होकर वर्कआउट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में सोनू सूद नदी के किनारे जबरदस्त एक्सरसाइज कर रहे हैं। इस दौरान सोनू सूद ने अपने सिक्स पैक एब्स भी फ्लॉन्ट किए। वीडियो में सोनू सूद पहाड़ों के बीच रनिंग करते दिखे तो कभी पत्थरों के बीच पुश-अप्स मारते हुए नजर आए। सोनू सूद इन दिनों फिल्म 'फतेह' में काम कर रहे हैं।फिल्म फतेह सोनू सूद के होम प्रोडक्शन शक्ति सागर प्रोडक्शन के बैनर तले बनायी जा रही है।इस फिल्म में उनके साथ जेकलीन

# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन हुआ संपन्न





**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा दौलत गंज, लश्कर, ग्वालियर में गत दिवस÷ साधारण सभा ÷ की बैठक आयोजित की गई।प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना जगदीश गुप्त महामना द्वारा प्रस्तुत की गई।संचालन रामचरण ÷रुचिर÷ ने किय साधारण सभा की बैठक में ÷आय व्यय विवरण ÷ कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी द्वारा एवं कार्यवाही विवरण सभा मंत्री धीरज शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सभासदों द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।अध्यक्ष डॉ कुमार संजीव द्वारा पुरानी कार्यकारिणी के भंग करने की घोषणा उपरांत कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई ।नर्वाचन अधिकारी÷ स्वदेश ÷समूह के संचालक यशवर्धन जैन ने डॉ. कुमार संजीव को अध्यक्ष , दिनेश पाठक. एवं डॉ. पदमा शर्मा को उपाध्यक्ष, धीरज शर्मा सभा मंत्री, उपेंद्र कस्तूरे सह.मंत्री ,डॉ मंदाकिनी शर्मा साहित्य मंत्री ,रामचरण चिराड़ ÷रुचिर÷ प्रचार -प्रसार मंत्री, डॉ लोकेश तिवारी, पुस्तकालय मंत्री, सुरेंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मुकुंद पराड़कर ,सुश्री कुंदा जोगलेकर, डॉ . ज्योत्सना सिंह राजावत, डॉ .मंजुलता आर्य , डॉ.करुणा सक्सेना , महिमा तारे डॉ. वंदना सेन, डॉ अंकित अग्रवाल को सर्वसम्मति से निर्विरोध घोषित किया । इस अवसर पर वरिष्ठ सभासद श्रीधर पराड़कर, संगठन महामंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद सहित सभा के सभासद मुरारी लाल गुप्त ÷गीतेश÷ , सुधीर चतुर्वेदी, जगदीश गुप्त महामना, दिलीप मिश्रा , डॉ. सुखदेव मखीजा, विजय कृष्ण योगी आदि वरिष्ठ साहित्यकार सभा में उपस्थित रहे।

# एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के क्रियान्वयन में म.प्र. देश का अग्रणी राज्य है कृषि मंत्री पटेल

ग्वालियर / एग्रीकल्चर इंस्फ्रास्ट्रक्चर फंड एवं एमपी फार्म गेट एप पर प्रतिभागियों की भागीदारी को बड़ाने के उद्देश्य से होटल रेडीसन में संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल कार्यशाला में वर्चुअली जुड़े। इसके साथ ही संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड श्रीमती जी वी रश्मि, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह सहित कृषि एवं मंडी बोर्ड से जुड़े अधिकारियों के साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग के कृषक और कृषि एवं मंडी बोर्ड से जुड़े हुए अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने ग्वालियर-चंबल संभाग के किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य और एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड की जानकारी किसानों को देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में पधारे सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों के हित में अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के उपयोग से किसानों की आय को ब?ाया जा सकता है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहाँ इस योजना के तहत 5870 आवेदनों में 4448 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के माध्यम से प्रदेश में सराहनीय कार्य किया गया है। ग्वालियर-चंबल संभाग में भी इसकी अपार संभावनायें हैं। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर योजना का अधिक से अधिक लाभ किसानों को उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में सरसों का तेल, मधुमक्खी पालन, टमाटर, धनिया, आलू बड़ी मात्रा में होता है। इन उपजों से किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर अपनी आय को बड़ा सकते हैं। इसके लिये सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर फंड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संभाग में 200 करो? रूपए और चंबल संभाग में 100 करोड़ रूपए इस फंड में खर्च करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों को खेती किसानी के क्षेत्र में किए जा रहे नए-नए प्रयोगों की जानकारी भी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाना जरूरी है। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना का मध्यप्रदेश में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। महिला उद्यमियों द्वारा उक्त योजना का लाभ लेकर लगभग 2753 प्रोजेक्ट स्थापित किए हैं। उक्त योजना में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि किसानों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आय को बढाना चाहिए। कृषि विभाग एवं मंडी बोर्ड भी किसानों को इस योजना का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास करें। कार्यशाला के प्रारंभ में प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड श्रीमती जी वी रश्मि ने मध्यप्रदेश में एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी।



# जल-संरक्षण और प्रबंधन में मध्य प्रदेश का देश में प्रथम आना महत्वपूर्ण उपलब्धि : मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल** / मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में जल-संरक्षण और प्रबंधन में मध्यप्रदेश



प्रथम स्थान पर है, यह बड़ी उपलब्धि है। मध्यप्रदेश कई क्षेत्रों में देश में प्रथम है, स्वच्छता में हम कुछ वर्षों से अग्रणी हैं। यह हम सबके लिए गर्व और गौरव का विषय है। प्रदेश में सिंचाई की क्षमता बढ़ी है, हम पानी की एक-एक बूंद का उपयोग करने के लिए कैनाल इरीगेशन के स्थान पर प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई की व्यवस्था कर रहे हैं, इससे उपलब्ध पानी से पौने 2 गुना अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो रही है। साथ ही प्रदेश में जल-संरचनाओं का जाल बिछाया गया है। इन कार्यों के लिए ही भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को पुरस्कृत किया गया है। इस उपलब्धि के लिए जल संसाधन पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नर्मदा घाटी विकास विभाग बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान को जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय से प्राप्त चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 का प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक-चिन्ह भेंट किया।जल संसाधन मंत्री सिलावट ने बताया कि मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में जब से सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण माइक्रो सिंचाई योजनाओं के रूप में किया जाने लगा है, तब से मध्यप्रदेश में पानी की अधिक बचत हो रही है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा जल-संरक्षण/प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में मध्यप्रदेश को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# प्रशासन एवं उद्योग मिलकर कार्य कर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति एवं विकास को और अधिक गति प्रदान करेंगे




ग्वालियर / आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह की अध्यक्षता में ÷मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना÷, उद्योग से संबंधित समस्याऐं एवं औद्योगिक नीति, पर्यावरण के संबंध में बैठक का आयोजन गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान सीआईआई से आशीष वैश्य, पुनीत डावर, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एसपी श्री मनीष खत्री, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, मालनपुर स्थित उद्योगों के प्रतिनिधि सहित गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट (एचआर और एडमिन) अविनाश मिश्रा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित उद्योगों के बारे में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने यहाँ स्थित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर औद्योगिक क्षेत्र के और बेहतर विकास करने के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उद्योगों ने बताया की मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना प्रदेश सरकार की एक अच्छी योजना है इससे युवाओं को रोज़गार मिलेगा और उद्योगों को स्किल्ड मैनपॉवर।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के सौंदर्यीकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई।बैठक में यहाँ कुछ विशेष उद्योगों के क्लस्टर स्थापित किए जाने के विषय पर चर्चा हुई, जिससे इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को और तेज गति मिले ।आयुक्त ग्वालियर-चंबल दीपक सिंह ने सीआईआई के पदाधिकारियों एवं उद्योगों प्रतिनिधियों को आस्वस्त किया की प्रशासन द्वारा उद्योगों के सुचारू कार्य हेतु हर संभव मदद की जायेगी।उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं उद्योग मिलकर कार्य कर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति एवं विकास को और अधिक गति प्रदान करेंगे।आयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग ने किया पौधारोपणआयुक्त ग्वालियर-चंबल संभाग दीपक सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसपी मनीष खत्री ने गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड में पौधारोपण किया।

# कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

ग्वालियर / विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के साथ-साथ जिले में




अभियान बतौर मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। इस क?ी में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल ने बुधवार को शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर के अंतर्गत डीआरपी लाईन क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्र क्र.-58 व 61 सहित अन्य मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली व रैम्प की व्यवस्था अनिवार्यत~ की जाए। साथ ही मतदान केन्द्र तक के पहुँच मार्ग भी अभी से दुरूस्त कर लें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में प्रवेश व निकास के लिये अलग-अलग दरवाजे होना चाहिए। साथ ही कहा कि यदि किसी मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदाताओं से अधिक हैं तो वहाँ के कुछ मतदाताओं को नजदीकी अन्य मतदान केन्द्र पर शिफ्ट किया जाए। कलेक्टर सिंह ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

# मतदाता सूचियों को शतप्रतिशत शुद्ध बनाएँ संभागीय आयुक्त सिंह

**ग्वालियर** / संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने कहा मतदाता सूचियों की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रयास ऐसे हों जिससे मदाता सूचियों में कोई भी विसंगति न रहे। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर व बीएलओ इस काम को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण आदि वजहों से जिले से बाहर चले गए व्यक्ति व मृत व्यक्तियों के नाम वहाँ की मतदाता सूची से हटाने का काम प्रमुखता से किया जाए। साथ ही जिले के भीतर जिन मतदाताओं ने अपने निवास स्थान बदल लिए हैं उनका नाम उसी मतदान केन्द्र की सूची में हो, जहाँ वे वर्तमान में निवासरत हैं। संभाग आयुक्त सिंह ग्वालियर जिले के बीएलओ एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा दिए गए मोटीवेशनल स्पीच को सुनकर सभी बीएलाओ में जोश भर गया। कलेक्टर ने कहा कि हम दण्ड की बजाय प्रेरणा से काम कराने में भरोसा रखते हैं। पर जो बीएलओ बार-बार समझाने के बाबजूद भी अपना काम नहीं करेंगे उन्हें दण्डित अवश्य किया जायेगा। बीएलओ के साथ हुए संवाद में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बुधवार को यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय स्थित अटल सभागार में दो चरणों में जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार किए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। पहले चरण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 14-ग्वालियर ग्रामीण, 18-भितरवार एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-19 डबरा के बीएलओ के साथ संवाद हुआ। दूसरे चरण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 17-ग्वालियर दक्षिण के बीएलओ के साथ संवाद सह प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। अक्टूबर को 18 वर्ष की होने जा रही है, उनके नाम मतदाता सूची में अनिवार्यत~ जो? जाएँ। उन्होंने कहा इसके लिये स्कूलों में विशेष शिविर लगाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के ऑनलाइन फॉर्म भराए जाएँ। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिक्षकों व आंगनबा?ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी उसी क्षेत्र में लगाई जाएँ जहाँ वे पदस्थ हैं। कलेक्टर के प्रेरणादायी उदबोधन से प्रभावित होकर बीएलओ बोले समर्पण भाव से करेंगे काम अटल सभागार में दो चरणों में आयोजित हुए बीएलओ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने समर्पण भाव एवं पूरे मनोयोग के साथ मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का कार्य करने का आह्वान किया।



उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
मो. 7772843302
9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478